वर्ष : 33 | अंक : 279 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, बुधवार, 25 दिसंबर 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

Merry Christmas and Happy New Year!

# एक्शन में सीएम फडणवीस

## सौर कृषि फीडर योजना 2.0 लॉन्च, अन्नदाताओं को दिन में फ्री बिजली

## सरकार का किसानों को तोहफा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने नए साल पर किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किसानों को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री सौर कृषि फीडर योजना 2.0 लॉन्च की। इस दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विश्वास व्यक्त किया है कि सोलर एनर्जी के उपयोग के माध्यम से महाराष्ट्र के किसान दूसरी हरित क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सौर कृषि परियोजनाओं का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, ऊर्जा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव आभा शुक्ला, जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कपूर और कई अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए। उम्बराठा और नारंगवाड़ी गांवों के किसानों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली के माध्यम से कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुंबई के सह्याद्री गेस्ट हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री फडणवीस ने उम्बरथा और नारंगवाड़ी (धाराशिव जिला) में सौर कृषि परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उम्बराठा और नारंगवाड़ी गांवों के किसानों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सौर कृषि परियोजनाओं का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। सरकार के इस पहल को एक गेम चेंजर के रूप में देखा जा रहा है।



### 16,000 मेगावाट बिजली

मुख्यमंत्री सौर कृषि फीडर योजना के माध्यम से किसानों को अपनी कृषि जरूरतों के लिए निरंतर सोलर एनर्जी मिलेगी। राज्य पहले से ही कृषक समुदाय को 16,000 मेगावाट बिजली प्रदान करता है और पिछले 2 वर्षों में सभी फीडरों को सौर ऊर्जा में बदलने के प्रयास चल रहे हैं।

### लाडकी बहिन योजना के तहत सहायता का हस्तांतरण शुरू

महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना के तहत आर्थिक मदद का लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरण फिर से शुरू हो गया है। राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू होने के चलते योजना के तहत हस्तांतरण बीते कुछ दिनों से बंद था। राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने यह जानकारी दी। तटकरे ने बताया कि योजना के तहत किस्तों का वितरण चरणों में किया जाएगा। लाडकी बहिन योजना के तहत राज्य सरकार हर लाभार्थी महिला के बैंक खाते में 1500 रुपये भेजेगी। बीते महीने हुए विधानसभा चुनाव में महायुति की जीत में इस योजना की अहम भूमिका बताई जा रही है। राज्य की मंत्री अदिति तटकरे ने बताया कि लाडकी बहिन योजना के राज्य में 2.34 करोड़ लाभार्थी हैं। योजना के तहत सरकार ने 2,100 रुपये प्रति माह देने का वादा किया है। जब इसके बारे में पूछा गया तो तटकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पहले ही कह चुके हैं कि अगले बजट के दौरान इस पर फैसला किया जाएगा।

### किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए बन रहे सोलर विलेज

महाराष्ट्र सरकार किसानों को दिन में मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए राज्य भर में सोलर विलेज बना रही है। उन्होंने कहा कि किसान रिन्यूएबल एनर्जी यानी अक्षय ऊर्जा अपनाकर दूसरी हरित क्रांति का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए सोलर कृषि फीडर योजना चलाई जा रही है, जिसकी मदद से किसानों को दिन के समय टिकाऊ और मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने के लिए पूरे राज्य में सौर ऊर्जा से चलने वाले गांव विकसित किए जा रहे हैं। इन गांवों में किसानों को सोलर एनर्जी से बिजली बनाने की सुविधाएं दी जा रही हैं।

# जम्मू-कश्मीर में आर्मी वैन का एक्सीडेंट

## 5 जवानों की मौत:13 घायल, 4 की हालत गंभीर



### LOC के पास खाई में गिरा वाहन

**एजेंसी | पुंछ**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार शाम आर्मी वैन 350 फीट गहरी खाई में गिर गई। वैन में 18 जवान सवार थे। इनमें से 5 की मौत हो गई। वहीं, 13 घायल हैं। इनमें से 4 की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही सेना की क्विक रिस्पॉन्स टीम (QRT) मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। घायल जवानों को आसपास के अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। सर्च ऑपरेशन खत्म हो गया है। सेना ने बताया कि काफिले में 6 गाड़ियां थी, जो पुंछ जिले के पास ऑपरेशनल ट्रैक से होते हुए बनोई इलाके की तरफ जा रही थीं। इसी दौरान एक वाहन के ड्राइवर के संतुलन खोने की वजह से वैन खाई में गिर गई। हादसे में शामिल सभी जवान 11 मराठा रेजिमेंट के बताए जा रहे हैं। सेना ने इस घटना में किसी आतंकी एंगल होने की संभावना नकार दी है।

### सैनिकों की शहादत पर जताया शोक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 5 जवानों की शहादत पर शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की। खरगे ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक वाहन दुर्घटना में सेना के पांच बहादुर जवानों की शहादत की भयानक खबर से बहुत दुखी हूं। हमारे बहादुर सैनिकों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। हम राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान और निस्वार्थ सेवा को सलाम करते हैं। हमारी संवेदनाएं घायलों के साथ हैं और उनके शीघ्र व पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं।'

प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर कहा,'जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना का वाहन खाई में गिरने से कई जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।'

# मई तक हो सकते हैं मनपा चुनाव, संसदीय कार्यमंत्री चंद्रकांत पाटिल ने जताई संभावना

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद राज्य में नई सरकार का गठन हो चुका है। लोगों को अब इंतजार महानगर पालिका चुनाव का है। पिछले तीन साल से राज्य भर के 20 महानगरपालिका बरखास्त हैं, जिसकी वजह से इन शहरों का विकास कार्य रूका हुआ है। हर कोई जानना चाहता है कि मनपा के चुनाव कब होंगे? राज्य के संसदीय कार्यमंत्री चंद्रकांत पाटिल ने संभावना जताई कि नए साल के मई में महानगरपालिका के चुनाव हो सकते हैं। पाटिल ने कहा कि जनवरी में मनपा चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट फैसला सुना सकता है। जिसके बाद वार्ड परिसीमन का काम होगा। मार्च एवं अप्रैल में परीक्षाएं होंगीं। ऐसे में उम्मीद है कि आगामी मई में मनपा चुनाव हो सकते हैं। महाराष्ट्र विजन 2050 को लेकर अपनी बात पाटिल ने रखी। पाटिल ने कहा कि पिछले 3 साल से मनपा बरखास्त होने की वजह से लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। पानी, बिजली, सड़क जैसे सभी स्थानीय काम बाधित पड़े हुए हैं। मनपा का प्रशासक उतनी सक्रियता से विकास कार्य नहीं कर सकता जितना कि उस इलाके का नगरसेवक। इसलिए मनपा चुनाव का होना हर हाल में जरूरी हो गया है।



# बांग्लादेशी नागरिकों को किया गया गिरफ्तार

## अवैध रूप से रहने का आरोप, मानव तस्करी विरोधी इकाई की कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई में 10 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को एक अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस ने बिना किसी दस्तावेज के अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में आठ महिलाओं और दो पुरुषों समेत दस बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपराध शाखा की मानव तस्करी विरोधी इकाई की तरफ से सप्ताह के अंत में वाशी और खारघर क्षेत्रों में की गई छापेमारी के बाद की गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बांग्लादेशी पुरुष आम तौर पर मजदूर के रूप में काम करते हैं जबकि महिलाएं घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं।

### 2023 से रह हैं सभी बांग्लादेश नागरिक: पुलिस

एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार बांग्लादेशी पुरुष और महिलाएं 2023 से अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं। वे भारतीय नागरिकता या यात्रा दस्तावेजों का कोई सबूत पेश करने में विफल रहे। अधिकारी ने कहा, 'उनमें से कुछ लोग वर्षों से अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं।' फिलहाल इस मामले में पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत खारघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### एक्शन में पुलिस



### भिवंडी में चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

सोमवार को भिवंडी स्थित कोनगांव थाना क्षेत्र के साई अपार्टमेंट में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इनके पास से लगभग 40,000 रुपये का कीमती सामान भी जब्त किया था। इन सभी बांग्लादेशियों की जांच चल रही है। सभी मूलतः बांग्लादेश के जेसोर जिले के मुलगांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि इनके पास भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं था। इस मामले में कोनगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ये लोग भारत में कैसे आए और यहां क्या कर रहे थे।

# सतीश उके को तलोजा जेल से आर्थर रोड स्थानांतरित करने पर रोक

**एजेंसी | मुंबई**



बॉम्बे हाई कोर्ट ने नागपुर के वकील सतीश महादेवराव उके को तलोजा जेल से मुंबई की भीड़ वाली आर्थर रोड जेल में स्थानांतरित करने पर रोक लगा दी है। अदालत ने आरोपी उके को तलोजा जेल से भीड़ वाले आर्थर रोड जेल में स्थानंतरित करने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को स्थगित कर दिया है। 16 जनवरी 2025 को मामले की अगली सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ के समक्ष सतीश उके को तलोजा जेल से आर्थर रोड जेल में स्थानांतरित करने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान मुंबई केंद्रीय कारागार के अधीक्षक की रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें उन्होंने आर्थर रोड जेल में आरोपियों की भीड़ पर चिंता जताई गई है। पीठ ने जेल प्रशासन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि आर्थर रोड जेल के प्रत्येक बैरक में जहां क्षमता और स्वीकृत संख्या 50 कैदियों को रखने की है, वहां आज की तारीख में 200 से 220 कैदी रह रहे हैं। आर्थर रोड जेल में बम विस्फोट के मुकदमे, आतंकवाद से संबंधित अपराध और संगठित अपराध सहित गंभीर अपराधों के आरोपी रहते हैं। इससे जेल पर भारी बोझ पड़ता है, क्योंकि सभी विचाराधीन कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीमित संसाधन हैं। पीठ ने कहा कि नीचे पारित किए गए दोहरे आदेश तब तक स्थगित रहेंगे, जब तक कि उके के वर्तमान आपराधिक आवेदन पर न्यायालय द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता है। उके को शुरू में आर्थर रोड जेल में रखा गया था, लेकिन भीड़ भाड़ के कारण जनवरी 2023 में उसे तलोजा जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उके ने आर्थर रोड जेल में वापसी की मांग की और 15 जून 2024 को एक विशेष अदालत ने उसे अनुमति दे दी। राज्य सरकार ने इस फैसले को बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी।

# दाऊद के भाई के खिलाफ बड़ा एक्शन

### ED ने मुंबई के एक फ्लैट को कब्जे में लिया

**एजेंसी | मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन की एक जांच के तहत भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कास्कर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दाऊद इब्राहिम के भाई के एक कथित सहयोगी के नाम पर महाराष्ट्र के ठाणे में 55 लाख रुपये कीमत के एक फ्लैट को अपने कब्जे में ले लिया है। ईडी के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ठाणे पश्चिम में नियोपोलिस बिल्डिंग में स्थित आवासीय इकाई को उसके मालिक मुमताज एजाज शेख के खिलाफ 2022 में पीएमएलए के तहत जारी एक अनंतिम आदेश के तहत कुर्क किया गया है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के न्यायाधिकरण ने इस अनंतिम कुर्की आदेश को मंजूरी दी थी, जिससे ईडी के लिए इसे अपने कब्जे में लेने का रास्ता साफ हो गया। सूत्रों ने बताया कि फ्लैट को कब्जे में लेने की प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है। ईडी ने पहले एक बयान में आरोप लगाया था कि यह फ्लैट कास्कर और अन्य लोगों ने ठाणे के रियल एस्टेट डेवलपर सुरेश देवीचंद मेहता से जबरन लिया था।



### 2017 में ठाणे पुलिस ने दर्ज किया था मामला

आरोपियों इकबाल कास्कर, मुमताज शेख और इसरार अली जमील ने सैयद अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम कास्कर से नजदीकी के चलते मुमताज एजाज शेख के नाम पर ठाणे में एक फ्लैट हड़प लिया। एजेंसी ने तब कहा था कि फ्लैट के अलावा, बिल्डर ने उनके द्वारा मांगे गए 10 लाख रुपये के चार चेक जारी किए थे, जिन्हें आरोपियों ने नकद निकासी के जरिए भुना लिया है। धनशोधन का मामला सितंबर, 2017 में ठाणे पुलिस की प्राथमिकी से जुड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत आरोप दर्ज किए थे। कास्कर फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है।

# नए साल का जश्न: खुफिया सूचना के मद्देनजर अलर्ट पर एजेंसियां

**एजेंसी | मुंबई**

नए साल (2025) के स्वागत की तैयारियां शुरू हैं। मुंबई और आसपास के उपनगरों (एमएमआर) के होटल, रेस्टोरेंट और पब अभी से सज गए हैं। ड्रग्स माफिया मौके का फायदा उठाने की फिराक में है। कई दिन तक चलनेवाली पार्टियों के लिए तस्कर एमएमआर में 10 हजार करोड़ रुपए की ड्रग्स पहुंचाना चाहते हैं। खुफिया एजेंसियों की सूचना पर नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और मुंबई पुलिस की एंटी नार्कोटिक्स सेल (एएनसी) अलर्ट पर हैं। मुंबई की पार्टियों में एमडी और एमडीएमए ड्रग्स की सबसे ज्यादा मांग होती है। समुद्री बीच और आसपास के क्षेत्रों में होनेवाली पार्टियों की निगरानी पुलिस और एनसीबी की टीम करेंगी। महानगर में उत्तराखंड व राजस्थान से ट्रेन व सड़क के जरिए हेरोइन, बिहार-नेपाल से चरस और समुद्री रास्ते से एमडी और एमडीएमए की आपूर्ति होती है। एएनसी के डीसीपी शाम घुगे ने बताया कि हम सतर्क हैं। मढ, मार्वे और गोराई जैसे समुद्री बीच पर होनेवाली पार्टियों पर नजर रखने के लिए 28 दिसंबर से 6 टीम तैनात की जाएंगी। इन टीम में 7 वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, 15 पुलिस निरीक्षक और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल होंगे।



### डार्क वेब के जरिए 80% ड्रग तस्करी

डार्क वेब के जरिए लगभग 80% ड्रग्स तस्करी की जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल भी ड्रग डिलीवरी के लिए किया जाता है। पुलिस, एनसीबी से बचने के लिए तस्कर कोड वर्ड का इस्तेमाल करते हैं। मसलन एक किलो एमडीएमए को एक मीटर कपड़ा या हैप्पी पिल्स कहा जाता है।

### पुलिस चला रही ऑपरेशन थंडर अभियान

ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए मुंबई पुलिस ऑपरेशन थंडर अभियान चला रही है। वर्ष 2024 में एएनसी ने 1060 मामले दर्ज किए हैं और 1228 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इस साल 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की ड्रग्स जब्त की गई है जबकि 2023 में 419 करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी गई थी।



# बांग्लादेशी महिला को राहत

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी को किया रद्द

**एजेंसी | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कथित बंग्लादेशी महिला को उसे गिरफ्तारी का आधार बताए बिना गिरफ्तार करने पर ठाणे पुलिस को फटकार लगाई। अदालत ने रिया अरविंद बर्डे की गिरफ्तारी के आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने पाया कि कानूनी अनिवार्यताओं और ठाणे पुलिस आयुक्त द्वारा पहले के अदालत के आदेश पर जारी किए गए परिपत्र के बावजूद पुलिस आरोपी को गिरफ्तारी का आधार बताने में विफल रही। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने रिया बर्डे की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित करने का उद्देश्य पवित्र है। याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी संविधान के अनुच्छेद 21 और 22(1) का उल्लंघन है। रिया बर्डे के वकील ऋषि भूता ने दलील दी कि गिरफ्तारी के आधार के बारे में याचिकाकर्ता को जानकारी दी गई। रिया को उल्हासनगर के हिल लाइन पुलिस स्टेशन ने इस आरोप के आधार पर गिरफ्तार किया था कि वह और उसका परिवार कथित रूप से बांग्लादेशी है।



# 21 साल बाद पुलिस के हाथ आया हत्या और डकैत का आरोपी

## पालघर से किया गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

21 साल पहले पालघर के एक मामले में पुलि ने एक डकैत को गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र के पालघर में डकैती और हत्या के प्रयास के फरार आरोपी को 21 साल बाद जालना जिले से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पारधी गिरोह के तीन सदस्यों में से एक आरोपी बाबूराव अन्ना काले (55) को 20 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी पहचान छिपाई हुई थी। पुलिस ने बताया कि जालना में पारतुर तालुका के अंतर्गत आने वाले वालखेड गांव में एक मकान में काले छिपा था।



### इस घटना को दिया था अंजाम

पालघर के विरार क्षेत्र में बोलिंज-अगाशी स्थित एक बंगले में नौ जनवरी 2003 को चार व्यक्तियों ने घुसपैठ की थी। पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक राहुल राखा ने बताया कि उन्होंने घर में रहने वालों को बांध दिया, चाकू से डराकर उनके चेहरे कंबल से ढक दिए और 1.33 लाख रुपये के सोने के आभूषण तथा 25 हजार रुपये नकद चुरा लिए थे। लुटेरों ने इसी तरह पड़ोस में एक बंगले को भी निशाना बनाया, लेकिन वहां कोई कीमती सामान नहीं मिला। अधिकारी ने बताया कि विरार पुलिस ने उसी दिन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 394 (लूट के दौरान जानबूझकर चोट पहुंचाना), 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना), 457 (सेंधमारी कर घर में घुसना), 511 (अपराध करने का प्रयास) और 34 (साझा मंशा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

### आरोपी को किया था गिरफ्तार

उन्होंने बताया कि इससे पहले 2005 में एक आरोपी सुचिनाथ उर्फ राजेश सत्यवान पवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन काले के साथ तीन अन्य आरोपी फरार हो गए थे। अधिकारी ने बताया कि हाल के महीनों में मीरा भयंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) अपराध शाखा ने जांच के लिए नए तरह से प्रयास किया और काले के जालना स्थित अपने गांव में रहने की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि अपराध शाखा की एक टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से जालना के एक गांव में काले का पता लगाया और पिछले सप्ताह उसे गिरफ्तार कर लिया।अधिकारी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान सामने आया कि काले, हत्या का प्रयास के साथ ही कम से कम 10 अन्य मामलों में शामिल था और उसके खिलाफ जालना तथा छत्रपति संभाजीनगर के विभिन्न थानों में यह मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि 2003 के डकैती मामले के दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं।

# 33 साल बाद पुलिस के हाथ आया हत्यारोपी

## पत्नी का मर्डर कर छुपा रहा हत्यारा

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो अपनी ही पत्नी की हत्या के बाद कई सालों तक कानून की नजर से बचता रहा और लगभग 33 साल बाद वे इस आरोपी को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी कि नवी मुंबई पुलिस ने अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में 33 साल से फरार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी बाबू गुडगीराम काले (70) को रविवार को पड़ोसी मुंबई के मुलुंड उपनगर के पास से गिरफ्तार किया गया, जहां वह मजदूरी करता था और आजीविका के लिए फूल बेचने का काम करता था। पनवेल टाउन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक नितिन ठाकरे ने बताया कि मामला 28 जनवरी 1991 का है।



### केरोसिन छिड़ककर पत्नी को जलाया

ये तब का मामला है जब काले ने अपनी पत्नी के साथ अक्सर होने वाले घरेलू विवादों के चलते नवी मुंबई के पनवेल इलाके में स्थित अपने घर में कथित तौर पर उस पर केरोसिन छिड़ककर आग लगा दी थी। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से झुलसी महिला की बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।अधिकारी ने बताया कि इसके बाद काले के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और स्थानीय अदालत ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। हालांकि, काले गिरफ्तारी से बचता रहा और तीन दशक से अधिक समय तक छिपा रहा।

### पुलिस ने ऐसे लगाया पता

पुलिस ने फरार आरोपी का पता लगाने के लिए कई सुराग, खुफिया और तकनीकी जानकारी का इस्तेमाल करते हुए उसका पीछा किया। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती सुरागों से पता चला कि वह मुंबई के मुलुंड इलाके में मौजूद है। लेकिन बाद में पुलिस महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के परभणी पहुंची और काले के मोबाइल फोन डेटा तथा निगरानी के आधार पर आखिरकार मुंबई पहुंची। उन्होंने बताया कि रविवार को जब पुलिस ने आरोपी को पकड़ा तो वह हैरान रह गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद काले को स्थानीय मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे तीन जनवरी 2025 तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# वन विभाग के अधिकारी पर रिश्वत मांगने का आरोप

## पुलिस ने दर्ज किया मामला

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

पालघर में वन विभाग के एक अधिकारी और दो अन्य लोगों के खिलाफ कथित तौर पर 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुताबिक एक ग्रामीण ने शिकायत की थी कि वन क्षेत्र में स्थित उसकी जमीन वापस दिलाने में मदद करने के एवज में रिश्वत मांगी जा रही है। पालघर के पुलिस उपाधीक्षक हर्षल चव्हाण ने कहा है कि- मांडवी क्षेत्र के वन मंडल अधिकारी संदीप चौरे ने शिकायतकर्ता से संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों जरिए 2005 में अधिग्रहित की गई उसकी जमीन को वापस दिलाने के लिए कथित तौर पर 20 लाख रुपये की मांग की थी।



### शिकायतकर्ता के साथ बातचीत की और रिश्वत की मांग

बता दें कि दो निजी व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता के साथ बातचीत की और रिश्वत की मांग को घटाकर 10 लाख रुपये कर दिया, और इसे स्वीकार करने पर सहमत हो गए। इसके साथ ही तीनों पर 13 दिसंबर को वसई के एवरशाइन सिटी आए, लेकिन पैसे नहीं लिए। एसीबी ने सोमवार को मांडवी पुलिस थाने में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

# मराठी फिल्म 'संगीत मानापमान' का देवेंद्र फडणवीस ने लॉन्च किया ट्रेलर

## राजनीतिक सफर को किया याद

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

हाल ही में एक मराठी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ है, जिसका नाम 'संगीत मानापमान' है। इस ट्रेलर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मराठी फिल्म 'संगीत मानापमान' का ट्रेलर लॉन्च किया और राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात की तुलना फिल्म के शीर्षक से की। यह फिल्म इसी नाम के एक लोकप्रिय नाटक पर आधारित है। मराठी में ''मानापमान' का मतलब मान/अपमान होता है। उन्होंने कार्यक्रम में कहा, ''मैं अभी-अभी मंत्रिमंडल का विस्तार करके, नए मंत्रियों को विभाग, कार्यालय और बंगले सौंप कर आया हूं। हमारा भी अपना 'मान अपमान' है। इसके स्वर जनता के बीच गूंजते हैं।"

### राजनीतिक सफर का किया जिक्र



पिछले कुछ सालों के अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए फडणवीस ने मुख्य अभिनेता सुबोध भावे की तारीफ करते हुए कहा, ''आपको पहले भामिनी और अब धैर्यधर का किरदार निभाने का गौरव प्राप्त हुआ। इसी तरह, मैं भी कभी मुख्यमंत्री रहा, फिर एलओपी (नेता प्रतिपक्ष), फिर उप मुख्यमंत्री और फिर से मुख्यमंत्री बना।"

### मराठी कला और संगीत को फिर से जीवंत करेगी यह फिल्म : फडणवीस

भामिनी और धैर्यधर मराठी फिल्म में मुख्य किरदार हैं, जो 10 जनवरी को सिनेमाघरों में आएगी। संयोग से, भावे ने 2011 में लोकप्रिय मराठी गायक एवं रंगमंच अभिनेता बालगंधर्व की जीवनी पर आधारित फिल्म में उनका किरदार निभाया था। बालगंधर्व द्वारा अमर किये गए पात्रों में से एक "भामिनी" थी। अभिनेता अब 'संगीत मानापमान' में धैर्यधर की भूमिका निभा रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि 'संगीत मानापमान' शास्त्रीय मराठी कला और संगीत को फिर से जीवंत करेगी।

# कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन




**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ भिवंडी शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सम्मान दिवस मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस ने भिवंडी पार्टी कार्यालय से लेकर डॉ. आंबेडकर की मूर्ति स्थल तक विशाल मोर्चा निकाला। मोर्चे में ₹अमित शाह माफी मांगो₹ और ₹अमित शाह इस्तीफा दो₹ जैसे नारे लगाए गए। इसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उप विभागीय अधिकारी कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह से जल्द माफी मांगने और अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की गई। मोर्चे में भिवंडी कांग्रेस अध्यक्ष राशिद ताहिर मोमिन, पूर्व सांसद सुरेश टावर सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।


## पश्चिम रेलवे त्यौहार विशेष ट्रेनें चलाएगा

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09624 | बांद्रा टर्मिनस-अजमेर (साप्ताहिक विशेष) | 26.12.2024 और 02.01.2025 | 10:00 (गुरुवार) | 10:15 (अगले दिन) |
| 09623 | अजमेर-बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक विशेष) | 25.12.2024 एवं 01.01.2025 | 10:15 बजे (बुधवार) | 06:45 बजे (अगले दिन) |

**हाल्ट:** दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, रतलाम, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर और किशनगढ़ स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचनाः एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच।

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं

ट्रेन संख्या 09624 की बुकिंग 25.12.2024 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें

## पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस से अजमेर के बीच उर्स मेला स्पेशल ट्रेन (अनारक्षित) चलाएगा

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस-अजमेर (अनारक्षित विशेष) | 26.12.2024 02.01.2025 और 09.01.2025 | 12:15 (गुरुवार) | 06:25 (अगले दिन) |
| 09028 | अजमेर-बांद्रा टर्मिनस (अनारक्षित विशेष) | 27.12.2024 03.01.2025 और 10.01.2025 | 10:25 (शुक्रवार) | 04:20 (अगले दिन) |

**हाल्टः** दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, डहाणू रोड,वापी वलसाड, उधना,भरुच, वडोदरा गोधरा,रतलाम मंदसौर,नीमच,चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर और नसीराबाद स्टेशन।

**संरचनाः** जनरल द्वितीय श्रेणी कोच

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.govt.in पर जाएं।

उपरोक्त रेलगाड़ियां विशेष किराये पर विशेष रेलगाड़ी के रूप में चलेगी

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें

## पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008
**कार्य - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-58 | 06.01.2025, 15:00:00 |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान/क्षेत्र | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-DRD-OSN-197-22-2 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | कुल 1,920 वर्ग फीट के डिसप्ले एरिया धारक 80 नग बोड्र्स के जरिए प्लेटफॉर्म्स और फूट ओवर ब्रिजेस पर डहाणू (डीआरडी) स्टेशन्स पर थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 06.01.2025 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-MDD-OSN-301-23-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | तीन वर्षों की अवधि हेतु एस्केलेटर के खंभों और सीढ़ियों के लैंडिंग पर डिस्प्ले बोड्र्स के जरिए मालाड (एमडीडी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 06.01.2025 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-PBHD-OSN-299-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | प्रभादेवी (पीबीएचडी) स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 06.01.2025 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-GMN-OSN-362-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु बस स्टॉप उन्मुख, स्टेशन भवन के अग्रभाग पर ग्लोसाइन हेतु गोरेगांव (जीएमएन) स्टेशन के पश्चिमी हिस्से में थोक विज्ञापन अधिकार. | 1095 | 06.01.2025 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-MX-OSN-297-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | तीन वर्षों की अवधि हेतु महालक्ष्मी (एमएक्स) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 06.01.2025 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-SNP-OSN-328-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु नालासोपारा (एनएसपी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 06.01.2025 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-BVI-OSN-359-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु बोरिवली (बीवीआई) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 06.01.2025 16:30:00 |

**टिप्पणी :** इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका में उपलब्ध है. 0870

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly


# नशेड़ियों और अवैध धंधों को लेकर मुख्यमंत्री व पुलिस महासंचालक से की गई शिकायत

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

विधायक कुमार आयलानी ने एक बार फिर नशेड़ियों, नशीले पदार्थों के सौदागरों, डांस बार और सट्टे जैसे अवैध धंधों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री और पुलिस महासंचालक को पत्र लिखकर इन अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की अपील की है। विधायक कुमार आयलानी ने कहा कि नशेले पदार्थों के सेवन और इन अवैध धंधों के कारण शहर में युवा पीढ़ी का भविष्य खराब हो रहा है और अपराध में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उल्हासनगर के एक व्यापारी पर नशेड़ी द्वारा हमला किया गया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि नशेड़ियों की गतिविधियाँ लगातार बढ़ रही हैं।



### अवैध गतिविधियों का खुला संचालन

आमदार ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया कि शहाड़ फाटक ब्रिज, मच्छी मार्केट, श्मसान भूमि के पास और नेहरू चौक पर जैसे स्थानों पर खुलेआम जुआं के अड्डे चल रहे हैं, जहां मटका, चकरी, रमी जैसे जुए बेधड़क खेले जा रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस इस पर चुप्पी साधे हुए है।

# बिना लाइसेंस जानवरों के इंजेक्शन बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा

## दो गिरफ्तार, एक फरार

## 7.23 लाख का माल बरामद

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के किदवाई नगर में स्थित एक फैक्ट्री पर शांतिनगर पुलिस ने छापा मारा, जहां बिना लाइसेंस जानवरों के लिए इंजेक्शन तैयार किए जा रहे थे। इस कार्रवाई में पुलिस ने 7 लाख 23 हजार रुपये का लिक्वीड रसायन बरामद किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं, एक आरोपी की तलाश जारी है।

### दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है, जिसमें बीएनएस की धारा 123, 318(4), 274, 276, 3(5), और पशुओं के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करने से संबंधित अधिनियम की धारा 11(ग़) व 12, साथ ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धारा 18(क) शामिल है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है।



### इस तरह हुआ खुलासा

शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड के मुताबिक, किदवाई नगर के टीचर कॉलोनी के पास जुबेर शेठ के गाले में पिछले एक महीने से सैफुल माजिद सनफुई (27), आशिक लियाकत सरदार (24) और आशिक के पिता लियाकत शेठ द्वारा बिना लाइसेंस ऑक्सीटोसिन नामक इंजेक्शन तैयार किया जा रहा था। इनका मकसद इन इंजेक्शनों को बेचने का था। पुलिस और ठाणे एफडीए विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारा और वहां से बड़ी मात्रा में यह इंजेक्शन बरामद किया।

### जानवरों के लिए यह इंजेक्शन खतरनाक

पुलिस ने बताया कि यह इंजेक्शन गाय और भैंसों के दूध उत्पादन को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया था। इस इंजेक्शन के जानवरों पर उपयोग से न केवल पशुओं की सेहत पर असर पड़ सकता है, बल्कि इंसानों के लिए भी यह खतरनाक साबित हो सकता है। इससे दूध पीने से शरीर में कमजोरी, बदन दर्द, पेट दर्द, नवजात बच्चों में पीलिया, गर्भवती महिलाओं में रक्तस्राव, श्वसन और त्वचा संबंधी बीमारियां हो सकती हैं।

# नशे में धुत कार चालक ने पांच लोगों को मारी टक्कर

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

शराब के नशे में धुत एक तेज रफ्तार कार चालक ने उल्हासनगर के वीनस चौक परिसर में सड़क पर खड़े पांच राजगीरों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका उपचार विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में चल रहा है।



### चार गंभीर रूप से घायल



### चालक का नियंत्रण खोने के कारण हादसा

मंगलवार सुबह करीब 5 बजे कार चालक तनवीर भावसार, जो अपने मित्र मोहित जैन के साथ कार चला रहा था, वीनस चौक से तेज गति से गुजर रहा था। इस दौरान उसने एक रिक्शा और सड़क पर चल रहे कुछ लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर में रिक्शा चालक दत्ता मोरे, एक्टिवा चालक दीपक पाटकर सहित अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल लोगों ने बताया कि कार चालक का नियंत्रण खोने के कारण यह हादसा हुआ। इस घटना से इलाके में हलचल मच गई, और घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाई है।

# मुंबई बोट हादसे में हीरो बने आरिफ बामने

## उद्धव ठाकरे ने किया सम्मानित

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को आरिफ बामने को सम्मानित किया, जिन्होंने मुंबई तट पर हुए एक भयावह नाव हादसे में बहादुरी का परिचय दिया। 18 दिसंबर को हुई इस दुर्घटना में, जब भारतीय नौसेना की स्पीडबोट ने यात्री नौका नीलकमल से टक्कर मारी थी, तब आरिफ बामने ने अपनी जान की परवाह किए बिना 35 यात्रियों को बचाया। इस हादसे में 15 लोगों की जान चली गई थी।

### आरिफ बामने की बहादुरी को शिवसेना (यूबीटी) ने सराहा

शिवसेना पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, ₹नीलकमल नाव दुर्घटना में 35 यात्रियों की जान बचाने में बहादुरी दिखाने वाले आरिफ बामने को पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सम्मानित किया। इस मौके पर शिवसेना के सांसद अरविंद सावंत, विधायक मिलिंद नार्वेकर और उपनेता विधायक मनोज जमसुतकर भी उपस्थित थे।₹ यह दुर्घटना गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा गुफाओं की ओर जाते समय हुई थी, जब नौसेना की स्पीडबोट ने नीलकमल नाव से टक्कर मार दी थी, जिससे नाव पलट गई।



# राज्यपाल ने श्याम बेनेगल के निधन पर शोक व्यक्त किया

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने वरिष्ठ फिल्म निर्माता, निर्देशक और पटकथा लेखक पद्म भूषण श्याम बेनेगल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। राज्यपाल ने कहा कि श्याम बेनेगल भारतीय सिनेमा के उन चुनिंदा बुद्धिजीवियों में से एक थे, जिनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने समानांतर फिल्मों में अपने अनूठे योगदान से भारतीय सिनेमा पर अपनी अमिट छाप छोड़ी।

### साहित्यिक और फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति



राज्यपाल ने शोक संदेश में कहा कि उनके निधन से भारतीय सिनेमा और टेलीविजन की दुनिया ने एक महान निर्माता-निर्देशक खो दिया है, जो कई फिल्म निर्माताओं के लिए प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने दिवंगत श्याम बेनेगल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# फाइलों के ढेर से निकला दो फुट लंबा सांप

## कोर्ट में मची अफरा-तफरी

**मुंबई।** मुंबई के मुलुंड स्थित मजिस्ट्रेट कोर्ट के एक कमरे में मंगलवार को फाइलों के ढेर पर एक सांप मिलने से करीब एक घंटे तक अदालत की कार्यवाही प्रभावित हुई।

### दो फुट लंबे सांप को देखकर मची अफरा-तफरी



मजिस्ट्रेट अदालत के कमरा नंबर 27 में दोपहर तक सामान्य कामकाज चल रहा था, तभी एक पुलिसकर्मी ने फाइलों को खंगालते हुए दो फुट लंबा सांप देखा। अदालत में मौजूद एक वकील ने बताया कि इस घटना से वहां मौजूद सभी लोग घबरा गए और अफरा-तफरी मच गई। इसकी वजह से जज को मजबूरी में कार्यवाही अस्थायी रूप से रोकनी पड़ी। सांप पकड़ने वालों को बुलाया गया, जिन्होंने अदालत में फैली पुरानी फाइलों, दीवारों और फर्श में बने छेदों में ध्यान से खोजबीन की। हालांकि, सांप का कोई पता नहीं चला।

### एक घंटे बाद शुरू हुई कार्यवाही

करीब एक घंटे बाद अदालत की कार्यवाही फिर से शुरू हुई। दिलचस्प बात यह है कि इस अदालत में पहले भी सांप दिख चुके हैं। वकील बिस्वरूप दुबे के अनुसार, एक दिन पहले भी अदालत की खिड़की पर एक सांप देखा गया था और दो महीने पहले एक सांप जज के कक्ष में भी देखा गया था।

# उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंत्रालय संभाला

- वित्त-योजना एवं उत्पाद शुल्क विभाग की समीक्षा
- टैक्स चोरी के खिलाफ परिणामोन्मुख कार्य की दिशा में निर्देश

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने आज 'राज्य उत्पाद शुल्क' और 'वित्त एवं योजना' विभागों की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर श्री पवार ने कर संग्रहण और राजस्व जुटाने में दक्षता एवं सुधार लाने के लिए अधिकारियों को परिणामोन्मुख कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने टैक्स चोरी को रोकने के लिए पारदर्शिता पर जोर देने की बात कही और अधिकारियों से इस दिशा में कठोर कदम उठाने की अपेक्षा की।



### बैठक में महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित

इस बैठक में वित्त एवं योजना विभाग के राज्य मंत्री एड. आशीष जयसवाल, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओमप्रकाश गुप्ता, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय सेठी, वस्तु एवं सेवा कर विभाग के राज्य आयुक्त आशीष शर्मा, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री ने राज्य की लंबित योजनाओं, आवश्यक धन और राजस्व की स्थिति की समीक्षा की।

**पश्चिम रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल 166/147/WA/48 दिनांक- 27.11.2024, देय दिनांक -26.12.2024 कार्य का नाम** मुंबई डिवीजन - बांद्रा पाली हिल में लिफ्टों (बी ब्लॉक, सी1 और सी2 का प्रतिस्थापन और चर्चगेट में ओआरएच लिफ्ट और मरीन लाइन्स ओआरएच में नई लिफ्ट प्रदान करने के बजाय मुंबई डिवीजन - बांद्रा पाली हिल में लिफ्टों (बी ब्लॉक, सी1 और सी2 का प्रतिस्थापन और चर्चगेट में ओआरएच लिफ्ट और मरीन लाइन्स ओआरएच में नई लिफ्ट प्रदान करना(समग्र विद्युत और सिविल का संयुक्त कार्य)पढ़ा जाए। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। **0863**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**रखरखाव कार्य**

**निविदा सूचना क्र. आरआर/पीआर/डब्ल्युसी/1972/2024-25/78.कार्य का विवरण:** एसी इकोनॉमी (LWACCNE) कोचों में लिनन भंडारण के लिए बर्थ 81,82,और 83 का रुपांतर, CAI No CAI/RCF/MECH/LHB/038 के अनुसार। **मात्रा:** 80 कोच. **निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि: 11.01.2024, 12.00 बजे तक.** निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है. निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई-टेंडरिंग प्रारुप में ही स्वीकार की जाएंगी. **AK-635**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**पश्चिम रेलवे**

**ओएचई संशोधन कार्य**

ADEE(TRD) BL, **निविदा संख्या: EL-TRD-W-118-24-25-14 दिनांक 16.12.2024 को आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन के विरार-सूरत सेक्शन में सचिन स्टेशन पर लूप लाइन नंबर 1 पर इनलैंड प्लेटफॉर्म, पीएफ नंबर 2 और होम प्लेटफॉर्म के विस्तार और उठाने के संबंध में ओएचई संशोधन कार्य। **विज्ञापित मूल्य:** 1,42,96,338.50। **ईएमडी:** 2,21,500/-। **जमा करने की तिथि और समय:** 08.01.2025, 14:30 बजे तक। खुलने की तिथि और समय: 08.01.2025 को 15:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। मैनुअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। **0857**

हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**ओएचई संशोधन कार्य**

एडीईई (टीआरडी) बीएल, दिनांक 16.12.2024 को **निविदा संख्या: ईएल-टीआरडी-डब्लू-118-24-25-13 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन के विरार-सूरत सेक्शन में नए संरेखण पर महत्वपूर्ण पुल संख्या 313 अप और डाउन लाइन के निर्माण और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति बढ़ाने के संबंध में पारदी स्टेशन और अतुल स्टेशन के बीच अर्थवर्क, ट्रैक कार्य और संबंधित सिविल कार्य (चेनेज रेलवे किमी 188+200 से रेलवे किमी 189+500 तक) सहित ओएचई संशोधन कार्य। **विज्ञापित मूल्य:** 2,00,93,013/- **ईएमडी:** 2,50,500/-। **जमा करने की तिथि और समय:** 17.01.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 17.01.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। मैन्युअल ऑफ़र पर विचार नहीं किया जाएगा। **0855**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**ओएचई संशोधन कार्य**

ADEE(TRD) BL **निविदा संख्या: EL-TRD-W-118-24-25-7-R-1, दिनांक 16.12.2024 को आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन के विरार-सूरत सेक्शन में अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में वापी, बारडोली, बिलिमोरा, उंबरगांव, संजन, अमलनेर, धरणगांव, भेस्तान और सचिन स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़े एफओबी के निर्माण के संबंध में ओएचई संशोधन कार्य। **विज्ञापित मूल्य:** 2,07,69,192/-। **ईएमडी:** 2,53,900/-। **जमा करने की तिथि और समय:** 17.01.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 17.01.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। मैनुअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। **0856**

हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly

# पश्चिम रेलवे द्वारा गहन टिकट जांच अभियान

- अप्रैल से नवम्बर 2024 तक 93 करोड़ रुपये की वसूली
- मुंबई उपनगरीय खंड से 30.63 करोड़ रुपये की प्राप्ति



**मुंबई।** पश्चिम रेलवे ने अप्रैल से नवम्बर 2024 तक अपनी ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित यात्रियों के खिलाफ गहन टिकट जांच अभियान चलाया। इस दौरान, 93.47 करोड़ रुपये की राशि जुर्माने के रूप में प्राप्त की गई, जिसमें मुंबई उपनगरीय खंड से 30.63 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

### नवम्बर में 2 .01 लाख मामलों से 12 .91 करोड़ रुपये की वसूली

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, नवम्बर 2024 में बिना टिकट और अनियमित यात्रा के 2 .01 लाख मामलों का पता लगाया गया, जिससे 12 .91 करोड़ रुपये की वसूली हुई। इसके अलावा, मुंबई उपनगरीय खंड में 82 हजार मामलों से 4 .03 करोड़ रुपये की राशि जुर्माने के रूप में प्राप्त की गई।

### एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा पर अंकुश

एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा को रोकने के लिए नियमित रूप से औचक टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। अप्रैल से नवम्बर 2024 के बीच लगभग 40,000 अनधिकृत यात्रियों पर जुर्माना लगाया गया और 131 लाख रुपये की राशि वसूल की गई। इन सभी अभियानों का उद्देश्य यात्रियों को आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करना है।

# 'सदन में देवेंद्र फडणवीस ने बोला झूठ'

## राहुल गांधी के समर्थन में उतरे संजय राउत



**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र के परभणी दौरे को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा द्वारा इसे एक राजनीतिक नाटक और रणनीति करार दिए जाने के बावजूद, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने राहुल गांधी का बचाव किया। संजय राउत ने मंगलवार को बयान देते हुए कहा कि राहुल गांधी का परभणी दौरा पूरी तरह से संवैधानिक अधिकारों के तहत था। उन्होंने कहा, ₹राहुल गांधी को उस स्थान पर जाने का पूरा अधिकार है, जहां गंभीर घटनाएं हुई हों।₹ राउत ने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में झूठ बोला कि पुलिस ने सोमनाथ सूर्यवंशी की पिटाई नहीं की। साथ ही, उन्होंने संतोष देशमुख की हत्या का भी जिक्र किया और कहा कि यह घटना राज्य की जनता के सामने हुई थी।

### राहुल गांधी का परभणी दौरा : शिवसेना (यूबीटी) ने दिया समर्थन

संजय राउत ने कहा कि राहुल गांधी का परभणी दौरा उनके अधिकारों के भीतर था, और उन्हें किसी भी स्थान पर जाने का पूरा संवैधानिक अधिकार है, जहां कोई घटना हुई हो। उन्होंने सवाल उठाया कि एक तंदरुस्त आदमी परभणी में अचानक कैसे मर सकता है। राउत ने दावा किया कि संतोष देशमुख की हत्या का वीडियो मौजूद है, लेकिन सरकार इसे छिपा रही है।

# 'मतदाताओं के नाम मनमाने ढंग से न हटाए गए और न जोड़े गए'




**मुंबई।** कांग्रेस द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रक्रिया पर उठाए गए सवालों का चुनाव आयोग ने खंडन किया है। आयोग ने कहा कि चुनाव में न तो मतदाताओं के नाम मनमाने तरीके से हटाए गए हैं और न ही जोड़े गए हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए पार्टी द्वारा मांगे गए डेटा और फॉर्म-20 महाराष्ट्र चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, आयोग ने यह भी बताया कि मतदान के आंकड़ों में समय के अंतराल को लेकर कांग्रेस का आरोप गलत है। शाम 5 बजे से रात 11:45 बजे तक मतदान में बढ़ोतरी सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। आयोग ने कांग्रेस द्वारा यह आरोप लगाए जाने के बाद कि जुलाई से नवंबर के बीच 50 विधानसभा क्षेत्रों में 50,000 से अधिक मतदाताओं को जोड़ा गया है, इसे गलत बताया। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि केवल 6 विधानसभा क्षेत्रों में 50,000 से अधिक मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

आयोग ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया है। इसके तहत नोटिस जारी किए गए और फील्ड सर्वे किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नाम हटाए गए मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है।

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008
**कार्य - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM24-25 | 03.01.2025 14:00:00 |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान/क्षेत्र | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **MSS-BCT-MMCT-PrKiosk-47-24-1** (Misc-Static-Services -Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन) तक स्टेशनों/स्थानों पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए व्यावसायिक विज्ञापनों के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | **1095** | 03.01.2025 14:30:00 |
| 2 | **MSS-BCT-BDTS-TWnOPS-6-22-1** (Misc-Static-Services - Two wheeler and other parcel packing services) | बांद्रा टर्मिनस के पार्सल कार्यालय में फैसिलिटेशन सेंटर की स्थापना के जरिए दो पहिया और पार्सल /लगेज पैकेजेस हेतु पैकिंग सेवाओं का प्रावधान. | **1095** | 03.01.2025 14:40:00 |
| 3 | **MSS-BCT-BOR-MedStn-41-24-1** (Misc-Static-Services - Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु बोईसर रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के माध्यम से चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | **1826** | 03.01.2025 14:50:00 |
| 4 | **MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1** (Misc-Static-Services - Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के माध्यम से चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | **1826** | 03.01.2025 15:00:00 |
| 5 | **MSS-BCT-PLG-MedStn-44-24-1** (Misc-Static-Services - Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु पालघर रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के माध्यम से चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | **1826** | 03.01.2025 15:10:00 |
| 6 | **MSS-BCT-MMCT-MedStn-37-24-1** (Misc-Static-Services -Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु डहाणू रोड (डीआरडी) रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के माध्यम से चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | **1826** | 03.01.2025 15:20:00 |
| 7 | **MSS-BCT-ADH-SS-43-24-1** (Misc-Static-Services -Salon Services) | आकार 32'x10'= 320 वर्ग फीट के कॉलम क्र. 28 और 29 के बीच पश्चिमी अपर डेक के उत्तर पश्चिम तरफ, अंधेरी स्टेशन पर यूनिसेक्स सलून सेवाएं प्रदान करने हेतु एयर कंडीशन्ड सलून कियोस्क के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | **1095** | 03.01.2025 15:30:00 |
| 8 | **MSS-BCT-CCG-SS-42-24-1** (Misc-Static-Services -Salon Services) | चर्चगेट स्टेशन पर यूनिसेक्स सलून सेवाएं प्रदान करने हेतु एयर कंडीशन्ड सलून कियोस्क के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | **1095** | 03.01.2025 15:40:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-57 | 03.01.2025 15:00:00 |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान/क्षेत्र | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **ADVT-BCT-DIC-OH-53-24-1** (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु कुल 1156 वर्ग फीट के एरिया के नये स्ट्रक्चर्स (04 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स) से मौजूदा होर्डिंग स्ट्रक्चर्स का विखंडन और प्रतिस्थापन करते हुए दहिसर स्टेशन पर विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | **2557** | 03.01.2025 15:30:00 |
| 2 | **ADVT-BCT-VAPI-OH-40-24-1** (Advertising - Out of Home) | 7 वर्षों की अवधि हेतु 1200 वर्ग फीट के डिसप्ले एरिया के साथ नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए मौजूदा होर्डिंग स्ट्रक्चर्स का विखंडन और प्रतिस्थापन करते हुए वापी स्टेशन पर उपलब्ध 05 कालबाह्य और रिक्त होर्डिंग्स पर विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | **2557** | 03.01.2025 15:40:00 |
| 3 | **ADVT-BCT-BOR-OH-56-24-1** (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु आकार 20'x10'(1)=200 वर्ग फीट के नये स्ट्रक्चर्स से मौजूदा होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के विखंडन और प्रतिस्थापन के जरिए बोईसर स्टेशन पर विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | **2557** | 03.01.2025 15:50:00 |
| 4 | **ADVT-BCT-BVI-OH-364-24-1** (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु आकार 30'x30'(1)=900 वर्ग फीट के दक्षिणोन्मुख मौजूदा होर्डिंग स्ट्रक्चर के पूर्वी तरफ, बोरीवली उत्तर पूर्व सर्कुलेटिंग एरिया में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिये विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | **2557** | 03.01.2025 16:00:00 |
| 5 | **ADVT-BCT-BSR-OH-54-24-1** (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु कुल 1000 वर्ग फीट के एरिया के नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स (05 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स) के उत्थापन के जरिए वसई रोड स्टेशन पर होर्डिंग स्ट्रक्चर्स पर विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | **2557** | 03.01.2025 16:10:00 |
| 6 | **ADVT-BCT-NIG-OH-366-24-1** (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु कुल 1600 वर्ग फीट के एरिया के V-आकार के 20'x20'(2) आकार के 02 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स – नायगांव आरओबी पर नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | **2557** | 03.01.2025 16:20:00 |
| 7 | **ADVT-BCT-GTR-OH-352-24-1** (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 600 वर्ग फीट के कुल एरिया के आकार 20'x20'(1) तथा 20'x10'(1) के 02 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स – ग्रांट रोड पश्चिम सर्कुलेटिंग एरिया में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | **2557** | 03.01.2025 16:30:00 |
| 8 | **ADVT-BCT-BIY-OH-353-24-1** (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु कुल 2560 वर्ग फीट एरिया के, आकार 40'x10'(1), 20'x20'(2), 60'x8'(2) बैक टू बैक और 10'x20'(2) बैक टू बैक के 05 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स – बारडोली स्टेशन पर नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार | **2557** | 03.01.2025 16:40:00 |
| 9 | **ADVT-BCT-BVI-OH-365-24-1** (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु आकार 20'x20' (1) = 400 वर्ग फीट के गांजावाला लेन से आनेवाले यातायात और पश्चिमोन्मुखी, एसएसई (पी.वे) – बोरीवली के कम्पाउंड में, बोरीवली स्टेशन पश्चिम में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | **2557** | 03.01.2025 16:50:00 |

**टिप्पणी :** इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका में उपलब्ध है. **0869**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**कोचों की पेंटिंग के लिए सामग्री**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक सवारी व मालडिब्बा कारखाना, माटुंगा, मुंबई- 400019. **निविदा नोटीस संख्या: CWE/MTN/85246898/2024. विवरण:** आपूर्ति की एवं अनुप्रयोग के लिए एंटी ग्रैफिटी क्लियर कोट की बाहरी पेंटिंग रेलवे कोच, आरडीएसओ के अनुरुप विशिष्टिता संख्या एस एंड सी/पीसीएन/127/2020 (रेव. 2.0) **मात्रा:** 250 SET. **खोलने के लिए नियत तारीख: 04.02.2025. निविदा मूल्य: ₹** 97,18,500/-. मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है, वेबसाइट से सम्पूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। **AK-638**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**पश्चिम रेलवे**

**तत्काल मरम्मत कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (पश्चिम रेलवे), 6 वीं मंजिल इंजीनियरिंग विभाग मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008 द्वारा ई निविदा आमंत्रित किया जाता है।नोटिस संख्या BCT 24-25/240, दिनांक-17/12/2024.कार्य एवं स्थान-1)-जोरावसन-सूरत खंड.- SSE-W-BIM के अंतर्गत सेवा भवन की सामान्य मरम्मत एवं स्टेशन की अन्य महत्वपूर्ण इमारत की मरम्मत ।2)जोरावसन-सूरत खंड -SSE-W-BIM के अंतर्गत सेवा भवन की पेंटिंग,कमरों व स्टील ढांचे की पेंटिंग इत्यादि 3)-जोरावसन-सूरत खंड- SSE-W-BIM के अंतर्गत जीर्ण अवस्था मे स्थित स्टाफ क्वार्टरों की सामान्य मरम्मत और छत के रिसाव की मरम्मत। 4)जोरावसन-सूरत खंड-SSE-W-BIM के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कॉलोनियों में जल निकासी में सुधार।
कार्य की अनुमानित लागत-5,47,11,618.54/- ईएमडी-4,23,600/-निविदा प्रस्तुत करने की तिथि और समय-10/01/2025,15.00 बजे तक।निविदा खुलने की तिथि और समय-10/01/2025,15.30 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ-www.ireps.gov.in.मैन्युअल प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। **0858**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**भुसावल मंडल**

**ई-निविदा नोटीस क्र .बीएसएल/एसीएल/56246100**

उप मुख्य सामुग्री प्रबँधक एसीएल, मध्य रेल भुसावल और भारत के राष्ट्रपति द्वारा ई-निविदा आमंत्रित कि जा रही है। **ई-निविदा क्र. 56246100** जिसका समापन दिनांक **13-JAN-2025** को **11:30** बजे है। बोली लगाने वाले अपनी निविदा उपर दि गई तारीख तक जमा कर सकते है। केवल ई .बीड /ई-निविदा ही स्विकृत की जाएगी। हाथ से लिखा हुआ बीड स्विकृत नही किया जाएगा। **1] टेंडर शीर्षक:- निविदा नंबर: 56246100. निविदा प्रकार:** खूला/ विज्ञापित. **बोली लगाने की प्रक्रिया** : एकल बोली प्रक्रिया. **निरिक्षण संस्था:** TPI AGENCY. **प्रकाशन दिनाँक/समय:** 23.12.2024 12:50:53. **अनुमानित मूल्य** : ₹ 93,81,000/-. **अंतीम तिथी:** 13-JAN-2025, 11:30 Hrs. **ऑफर की वैधता:** 90 Days. **मात्रा:** 20 SET. **2] मद का विवरण :-** OVERHAULING KIT OF MUST CHANGE ITEM FOR KNORR BREMSE MAKE OIL FREE COMPRESSOR MODEL VV270-T (UNDERSLUNG APPLICATION) OF ELECTRIC LOCOMOTIVES. ONE SET CONSISTING OF 77 ITEMS. ITEM DETAIL AS PER KBIL ANNEXURE ATTACHED. **3] विशेष सूचना:** इस निविदा का संपुर्ण विवरण **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **AK/BSL-02**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

## मर्ज का फर्ज

सर्वविदित है कि देश की विशाल आबादी पर चिकित्सकों की उपलब्धता वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं है। यूनेस्को कई बार बता चुका है कि भारत के कई स्थानों पर एक हजार व्यक्तियों पर एक चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि देश के कई मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाएं तो इसे देश के लिये विडंबना ही कहा जाएगा। इस ज्वलंत मुद्दे पर देश की शीर्ष अदालत ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक देश के सभी मेडिकल कालेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीटों को तुरंत भरा जाए। जाहिर है जब देश में पहले से ही डॉक्टरों के कमी है तो ये सीटें क्यों खराब की जा रही हैं? निश्चित रूप से समाज के अंतिम व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में शीर्ष अदालत की यह पहल बदलावकारी साबित हो सकती है। देश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए पिछले दिनों बड़ी संख्या में नये मेडिकल कालेज खोले गए हैं, लेकिन इनमें सीटों की संख्या दुगनी हो जाने के बाद भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। वैसे निजी अस्पतालों में तो डॉक्टरों की कमी नहीं है, लेकिन सार्वजनिक अस्पतालों व डिस्पेंसरियों में डॉक्टरों की कमी बराबर बनी रहती है। खासकर ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति बहुत खराब है। यही वजह है कि देश के बड़े चिकित्सा संस्थानों मसलन एम्स व पीजीआईएमईआर जैसे संस्थान मरीजों के दबाव से चरमरा रहे हैं। साथ ही चिकित्सक बेहद दबाव में काम कर रहे हैं। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने इस संकट की गंभीरता को महसूस करते हुए निर्देश दिए हैं कि इस महीने के अंत तक काउंसलिंग करा कर उन सीटों को तुरंत भरा जाए। निश्चित रूप से इस पहल से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को संबल मिल सकेगा। निस्संदेह, यह तार्किक है कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर देश में भारी मारामारी है। इसकी वजह यह है कि मेडिकल की पढ़ाई के बाद कमोबेश रोजगार पाना गारंटी जैसी होता है। उनके लिये विदेशों में भो रोजगार के आकर्षक अवसर होते हैं। अन्यथा निजी अस्पताल खोलकर भी वे अपना शानदार करिअर बना सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल हमारे गांवों में चिकित्सा सुविधाओं के नितांत अभाव का होना है। ऐसा नहीं है कि इस चुनौतीपूर्ण स्थिति का सरकार को भान नहीं है। सरकार भी मानती है कि देश के ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता तो दूर सामान्य डॉक्टरों की मौजूदगी भी कम ही है। इस संकट का समाधान तभी संभव है जब देश में अधिक मेडिकल कालेज खुलें और उनकी सभी सीटों को भरा जाए। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों को ग्रामीण इलाकों में काम करने के लिये प्रेरित किया जाए। उन्हें वेतन तथा प्रोन्नति के विशेष अवसर दिए जाएं। अनिवार्य रूप से तय किया जाए कि मेडिकल कालेजों से निकलने वाले चिकित्सक कुछ प्रारंभिक वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दें। इस बात पर मंथन किया जाना चाहिए कि विगत में हुए ऐसे प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ पाए। इसके अलावा दुनिया के अनेक देशों से मेडिकल की पढ़ाई करके आने वाले डॉक्टरों को आवश्यक अर्हताएं पूरी करने पर डॉक्टरी करने की सुविधा प्रदान की जाए। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार का दायित्व बनता है कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले तथा कमजोर वर्गों के लोगों को सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएं। ये लोग महंगे निजी अस्पतालों की चौखट तक पहुंचने की क्षमता नहीं रखते। सरकार ने आयुष्मान योजना जैसी कई पहल तो की हैं, लेकिन ध्यान रखना जरूरी है कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवस्थागत दिक्कतें पैदा न हों। सरकारों का नैतिक दायित्व बनता है कि हाशिये के समाज को सस्ती व सहज रूप से चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता का भी लाभ मिल सके। साथ ही नीति-नियंताओं के लिये यह आत्ममंथन का विषय है कि देश चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नई खोजों व अनुसंधान में पीछे क्यों रह गया है। साथ ही देश की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहन भी जरूरी है।

# भाजपा के बड़े सियासी दांव को विपक्षी चुनौती

भारत में मजबूत लोकतंत्र के बावजूद राजनीतिक दलों के भविष्य की अनिश्चितता को दुनियाभर में बेहद आश्चर्य से देखा जाता है। अब वन नेशन-वन इलेक्शन (ओएनओई) की दिशा में कदम बढ़ गए हैं। निश्चित रूप से भारतीय मतदाताओं की सूझ-बूझ और परिपक्वता इसमें भी देखने लायक होगी। हर चुनावी बाजी आखिरी पल तक किस तरफ जा रही है- इस पर सिर्फ कयास ही सामने आते रहे जो ज्यादातर नतीजों के बाद औंधे मुंह गिरते दिखे। यही वजह थी कि हालिया महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान कोई भी राजनीतिक पंडित या चुनाव विश्लेषक वैसा साफ-साफ कहने की स्थिति में नहीं दिखा जो हरियाणा में दावे करते नहीं अघाते थे।

भाजपा को रोकने के लिए विपक्ष ने बीते डेढ़-दो दशक में चाहे जितनी भी जुगत लगायी लेकिन आपसी होड़ खत्म करने में हर बार नाकामयाब रहे। यह भी सही है कि देश में ज्यादातर क्षेत्रीय दल कांग्रेस से टूट उसकी ही चुनौती बने। ऐसे दल कभी मजबूत हुए और राजनीति की बदलती तासीर के चलते कभी नरम भी पड़े। ऐसा भी दौर आया जब लगा कि क्षेत्रीय दलों का भविष्य बिना कांग्रेस के साथ आए अंधकार में है। वक्त-वक्त पर अपना वजूद बचाने के लिए गठबंधन भी बने और कभी कांग्रेस को बड़ी तो कभी छोटी भूमिका देकर चुनाव लड़ना मजबूरी बनती चली गई। बताने की जरूरत नहीं कि भाजपा के खिलाफ ऐसे गठबन्धन कितने कामयाब रहे।

अब जबकि पहले केंद्रीय कैबिनेट ने एक देश एक चुनाव संबंधी विधेयक को मंजूरी दी फिर लोकसभा में स्वीकारा गया और अब आम सहमति खातिर ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भेज दिया गया। यहां सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा होगी। लेकिन क्या इस बिल का कानून बनना आसान होगा? थोड़ा आंकड़ों को समझना होगा। प्रधानमंत्री मोदी के पास इस तीसरे कार्यकाल में पूर्ण बहुमत नहीं है। लोकसभा में 543 सांसदों में बिल पारित होने के लिए 362 वोट जरूरी हैं। अभी एनडीए के पास 293 सांसद हैं और उसमें भाजपा के 240 हैं। यानी 69 वोट कम हैं। जाहिर है दूसरों की मदद चाहिये। वहीं राज्यसभा में भी बिल का पास करवाने के लिए 164 वोट जरूरी हैं जबकि एनडीए के पास 112 सांसद ही हैं। माना कि 6 मनोनीत सांसद हैं लेकिन फिर भी दूसरों का समर्थन जरूरी होगा। दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के लिए यहां 52 वोट कम हैं। अगर विपक्ष पर नजर डालें तो लोकसभा में 205




और राज्यसभा में 85 सांसद हैं। विधि आयोग की 2012 की राय भी देखनी होगी जिसमें संविधान के मौजूदा ढांचे के अंदर एक साथ चुनाव नहीं करवाए जा सकने की बात थी। हालांकि, अब ये बीती बातें हैं। यूं भी विपक्ष भले कमजोर हो लेकिन उसकी सहमति जरूरी होगी। इधर कोविंद समिति की सिफारिशें लागू करने के लिए 18 संविधान संशोधनों की जरूरत होगी। लेकिन ज्यादातर के लिए राज्य विधानसभाओं की सहमति जरूरी नहीं होगी। इधर कोविंद समिति की बात करें तो 47 राजनीतिक दलों ने अपने विचार समिति के समक्ष रखे। ओएनओई के समर्थन में 32 दल थे जिनका मानना है कि इससे संसाधनों की बचत होगी व आर्थिक विकास में तेजी आएगी। वहीं

**ऋतुपर्ण दवे**

15 दल साथ नहीं आए जिन्होंने इसे लोकतंत्र और संविधान के संघीय ढांचे के खिलाफ बताया।

जरूरी संशोधनों के बाद ही लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल की समाप्ति एक साथ हो सकेगी। पहला बिल संविधान के अनुच्छेद 82ए में संशोधन करेगा ताकि लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल की समाप्ति एक साथ हो सके जिसमें राज्यों से सहमति जरूरी नहीं। स्थानीय निकाय चुनाव भी लोकसभा और विधानसभा के साथ करने के प्रस्ताव पर न्यूनतम 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं की मंजूरी लेनी होगी। सारी तकनीकी प्रक्रियाओं के बाद ही ओएनओई हो पाएगा। कितना वक्त लगेगा कह पाना मुश्किल है। वर्ष 2025 में दिल्ली के चुनाव होने हैं। उसके बाद बिहार, फिर 2026 में प. बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल, पुडुचेरी के बाद 2027 में उत्तर प्रदेश तथा दूसरे राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। लेकिन क्या वन नेशन वन इलेक्शन की ओर बढ़ चली केन्द्र सरकार को कांग्रेस के नेतृत्व में 26 विपक्षी दलों का 'इंडिया' गठबंधन चुनौती दे पाएगा? बेशक इसने 2024 के लोस चुनाव में भाजपा को बैसाखियों के सहारे सरकार चलाने को मजबूर किया। इससे उत्साहित इंडिया गठबंधन के दूसरे क्षेत्रीय दल भ्रम में आ गए कि लोकसभा की जीत में वे ही अहम थे। बस यहीं से गठबंधन में दरार पड़ने लगी। हरियाणा, फिर महाराष्ट्र में हार के बाद गठबंधन की फूट उजागर होने लगी और अब शामिल दल कांग्रेस के खिलाफ बोलते दिख रहे हैं।

भाजपा आज कांग्रेस व शेष विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती है। वन नेशन वन इलेक्शन भाजपा, विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा सपना है जो देश में नए सियासी दांव के जरिये अलग इबारत लिखने को बेताब हैं। तेजी से मतदाताओं में पैठ जमाती भाजपा ने हमेशा क्षेत्रीय दलों को आगे कर पहले लुभाया फिर खुद को मजबूत करती गई। आज महाराष्ट्र की जीत और ओडिशा में बीजेडी का किला ढहाना सामने है। भारत में वन नेशन-वन इलेक्शन की दिशा में भाजपा ने बिसात बिछा दी है। बस देखना है कि बाजी किसके हाथ होगी?

जीवन मंत्र — जे कृष्णमूर्ति

## मृत्यु भी एक घटना है

यदि आप इसे बहुत करीब से देखें, तो पाएंगे कि आप जो कुछ भी हर दिन करते हैं, वह बहुत मायने रखता है, क्योंकि अगले जीवन में आप उसकी कीमत चुकाने जा रहे हैं या आप जिस तरह से जिए, उसके लिए आपको पुरस्कृत किया जाएगा।

हमें जीवन की इस अहम घटना को भी समझना चाहिए, जो है मृत्यु! बुढ़ापा, बीमारी के कारण आकस्मिक या स्वाभाविक रूप से मृत्यु। हम जब बूढे. हो जाते हैं, तो उम्र हमारे जीवन जीने के तरीके से पता चलती है; वह हमारे चेहरे पर दिखाई देती है। गौर कीजिएगा, जैसे-जैसे हम बडे. होते जाते हैं, हम असंवेदनशील, सुस्त, अनजान होते जाते हैं और एक दिन कब्र में समा जाते हैं। तो हम सबके जीवन में बुढ़ापा भी है और मृत्यु नाम की एक असाधारण चीज भी। हममें से ज्यादातर इससे भयानक रूप से भयभीत रहते हैं। यदि हम भयभीत नहीं, तो हमने इस घटना को बौद्धिक रूप से तर्कसंगत बना लिया है और बुद्धि के आदेशों को स्वीकार कर लिया है।

तब हम इसे स्वाभाविक रूप से स्वीकार कर लेते हैं, क्योंकि हम हरेक चीज को नष्ट होते देखते हैं। मगर जिसे हम स्वीकार नहीं कर पाते, वह है 'मैं' का मनोवैज्ञानिक अंत- अपने परिवार के साथ, घर के साथ, अपनी सफलता के साथ! मैं, आत्मा या वे शब्द, जो हम अपने अस्तित्व के केंद्र को देते हैं, हमें डर होता है कि इसका अंत हो जाएगा। क्या इसका अंत हो जाता है? या



इसमें कोई निरंतरता है?

पूरब ने कहा है कि इसमें निरंतरता है, इसलिए पुनर्जन्म है। अगर आपने सही ढंग से यह जीवन जिया है, तो आपका अगला जन्म बेहतर होगा। आपके पास यहां पुनरुत्थान का एक नया तरीका होता है- आप सब जानते होते हैं। यदि आप पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं, जैसा कि पूरा एशिया करता है, मुझे नहीं पता कि वे ऐसा क्यों करते हैं, पर इससे उन्हें बहुत आसानी होती है। यदि आप इसे बहुत करीब से देखें, तो पाएंगे कि आप जो कुछ भी हर दिन करते हैं, वह बहुत मायने रखता है, क्योंकि अगले जीवन में आप उसकी कीमत चुकाने जा रहे हैं या आप जिस तरह से जिए, उसके लिए आपको पुरस्कृत किया जाएगा। इसलिए महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि आप क्या मानते हैं कि अगले जीवन में क्या होगा, बल्कि खास बात यह है कि इस जन्म में आप कैसे रहते हैं?

महत्वपूर्ण यह नहीं है कि आपकी मान्यताएं क्या हैं, आपका अंधविश्वास क्या है, आपकी उपलब्धियां क्या हैं, बल्कि अहम यह है कि आप क्या करते हैं। हमें डर है कि केंद्र, जिसे 'मैं' कहा जाता है, खत्म न हो जाए; और हम पूछते हैं- क्या इसका अंत हो जाएगा? ...याद रखिए, जो समाप्त हो जाता है, उसमें ही कुछ नया हो सकता है। प्रेम में आसक्ति नहीं होती।

जहां आसक्ति होती है, वहां पर भय होता है और डर अनिवार्य रूप से सत्तावादी, अधिकारवादी, दमनकारी बन हावी हो जाता है। तो ध्यान जीवन की समझ है, जो व्यवस्था लाने के लिए है।

जीवन ऊर्जा — अटल बिहारी वाजपेयी : जन्म - 25 दिसंबर 1924 — जन्म

## हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा

अटल बिहारी वाजपेयी (25 दिसम्बर 1924 – 16 अगस्त 2018) भारत के दसवें प्रधानमन्त्री थे। उन्होंने प्रधानमंत्री का पद तीन बार संभाला है, वे पहले 13 दिन के लिए 16 मई 1996 से 1 जून 1996 तक। फिर लगातार 2 साशन; 8 महीने के लिए 19 मार्च 1998 से 13 अक्टूबर 1999 और फिर वापस 13 अक्टूबर 22 मई 2004 तक भारत के प्रधानमन्त्री रहे।

यह सदन देश की जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह लोकतंत्र का मंदिर है। मैंने प्रधानमंत्री पद को कभी लक्ष्य नहीं बनाया। मेरे लिए यह एक दायित्व था, एक सेवा का अवसर था। हमारी सरकार बहुमत साबित नहीं कर पाई, और मैं इसका सम्मान करता हूं। मैं लोकतंत्र के मूल्यों को चोट पहुंचाकर सत्ता में बने रहने का पक्षधर नहीं हूं। सत्ता हमारे लिए साधन है, साध्य नहीं। मैं यहाँ यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि हम इस देश के विकास और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज भले ही हम बहुमत नहीं जुटा पाए, लेकिन जनता का विश्वास हमारी ताकत है। हमें विश्वास है कि देश का भविष्य उज्जवल है, और यह राष्ट्र एक बार फिर विश्वगुरु



बनेगा। हमने सपना देखा है कि भारत ऐसा राष्ट्र बने जहाँ गरीबी, भुखमरी, और अन्याय के लिए कोई स्थान न हो। हमारा उद्देश्य 'सबका साथ, सबका विकास' है। मेरा यह मानना है कि राजनीति का मतलब केवल कुर्सी नहीं है। यह एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। हम लोकतंत्र को मजबूती देंगे। हमारी नीति स्पष्ट है - 'ना दमन, ना भ्रष्टाचार।' सत्ता परिवर्तन लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है। आज हमें भले ही असफलता का सामना करना पड़ा हो, लेकिन हमारी यात्रा रुकेगी नहीं। हमारी सरकार ने छोटी अवधि में बड़े फैसले किए। हमने परमाणु परीक्षणों से दुनिया को बताया कि भारत अपने आत्मसम्मान के साथ समझौता नहीं करेगा। हमने गांव, गरीब और किसान के लिए योजनाएं बनाईं। आज मैं यह कहते हुए गर्व महसूस करता हूं कि यह देश, यह भारत, न केवल आगे बढ़ेगा, बल्कि पूरी दुनिया को राह दिखाएगा।

सक्सेस मंत्र

## अलग पहचान पाने के लिए आउट ऑफ बॉक्स थिंकिंग जरूरी

ज्यादातर लोग अपने आसपास होने वाली घटनाओं या समस्याओं को बचपन से सुन रहे पुराने नजरिए या तरीके से ही सोचते हैं। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारा अलग नजरिया परिस्थिति को आसान बना सकता है। मगर आउट ऑफ द बॉक्स सोच रखने वाले लोग अक्सर कुछ ऐसे कमाल कर देते हैं, जिसके बारे में कई लोग सोच भी नहीं पाते हैं।

यहां दी जारी रही यह प्रेरक कहानी में 'आउट ऑफ बॉक्स थिंकिंग' को बहुत ही सरलता से समझाया गया है- जापान की एक साबुन बनाने वाली कंपनी अपनी क्वॉलिटी और वर्ल्ड क्लास प्रॉसेसेज के लिए जानी जाती थी। एक बार उनके सामने एक अजीब समस्या आई। उन्हें कम्प्लेंट मिली कि एक कस्टमर ने जब साबुन का डिब्बा खरीदा तो वो खाली था। कम्प्लेंट की जांच की गई तो पता चला कि चूक कंपनी की तरफ से ही हुई थी। असेंबली लाइन से जब साबुन डिलीवरी डिपार्टमेंट को भेजे जा रहे थे तब एक डिब्बा खाली ही चला गया। इस घटना से कंपनी की काफी किरकिरी हुई। कंपनी के अधिकारी बड़े परेशान हुए कि आखिर ऐसा कैसे हो गया। तुरंत एक हाई लेवल मीटिंग बुलाई गई। गहन चर्चा हुई और भविष्य में ऐसा न हो इसके लिए लोगों से उपाए मांगे गए। बहुत विचार-विमर्श के बाद निश्चय किया गया कि असेंबली लाइन के अंत में एक एक्स-रे मशीन लगाई जाएगी जो एक हाई रेजॉल्यूशन मॉनिटर से कनेक्टेड होगी। मॉनिटर के सामने बैठा व्यक्ति देख पाएगा की डिब्बा खाली है या भरा। कुछ ही दिनों में ये सिस्टम इम्प्लीमेंट होने वाला था। इसी दौरान जब एक छोटी रैंक के कर्मचारी को इस समस्या का पता चला तो उसने इस समस्या का हल एक बड़े ही सस्ते और आसान तरीके से निकाल दिया। उसने एक तेज चलने वाले पंखे को असेंबली लाइन के सामने लगाने का सुझाव दिया। अब हर एक डिब्बे को पंखे की तेज हवा के सामने से होकर गुजरना पड़ता। जैसे ही खाली डिब्बा सामने आता, हवा उसे उड़ाकर दूर फेंक देती। इस शख्स की क्रिएटिव थिंकिंग से न सिर्फ कंपनी की करोड़ों की रकम बची, बल्कि उसे काम में तरक्की भी मिली।

शख्सियत — आइज़ैक न्यूटन

## विज्ञान का अनन्य साधक



आइज़ैक न्यूटन, जिन्हें आधुनिक विज्ञान का जनक कहा जाता है, एक ऐसे वैज्ञानिक थे जिन्होंने विज्ञान और गणित के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। उनका जीवन और कार्य ज्ञान, परिश्रम, और जिज्ञासा का प्रतीक है। न्यूटन के द्वारा प्रतिपादित गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत और गति के नियम आज भी विज्ञान की आधारशिला बने हुए हैं। उनकी उपलब्धियों ने न केवल उनके समय में बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी विज्ञान को एक नई दिशा दी।

न्यूटन का जन्म 25 दिसंबर 1642 को इंग्लैंड के वूल्सथॉर्प में हुआ। उनका बचपन कठिनाइयों से भरा था। उनके पिता का निधन उनके जन्म से पहले हो गया था, और उनकी मां ने उन्हें नाना-नानी के पास छोड़कर दूसरा विवाह कर लिया। बचपन में वे औसत छात्र थे, लेकिन अपनी असाधारण जिज्ञासा और समझने की क्षमता के कारण उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयां प्राप्त कीं। 1661 में, उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दाखिला लिया। 1665 में, ग्रेट प्लेग महामारी के कारण वे अपने घर लौटे। इस दौरान उन्होंने अपने सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर काम किया। न्यूटन के योगदान व्यापक और बहुआयामी हैं। उनके द्वारा किए गए कार्य विज्ञान के हर क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत हैं। न्यूटन ने वह घटना देखी, जब एक सेब पेड़ से गिरा। उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि सेब का गिरना और ग्रहों की गति एक ही शक्ति, गुरुत्वाकर्षण, के कारण होती है। उन्होंने ₹सार्वभौमिक गुरुत्वाकर्षण का नियम₹ प्रतिपादित किया। न्यूटन ने गति के तीन नियम दिए, जो भौतिकी के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं: जड़त्व का नियम, बल और त्वरण का नियम और क्रिया-प्रतिक्रिया का नियम। न्यूटन ने सफेद प्रकाश के स्पेक्ट्रम का अध्ययन किया और यह साबित किया कि यह सात रंगों का मिश्रण है। उन्होंने पहला रिफ्लेक्टिंग टेलीस्कोप भी बनाया। गणित के क्षेत्र में, न्यूटन ने कैल्कुलस का विकास किया। यह आज इंजीनियरिंग और विज्ञान के लिए अनिवार्य उपकरण बन चुका है। न्यूटन की पुस्तक Philosophi Naturalis Principia Mathematica विज्ञान के इतिहास में मील का पत्थर मानी जाती है। इसमें उन्होंने गुरुत्वाकर्षण और गति के सिद्धांतों को विस्तार से समझाया। न्यूटन ने ब्रह्मांड को एक गणितीय और तार्किक प्रणाली के रूप में देखा। उनका मानना था कि प्रकृति के सभी रहस्यों को समझने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और गणितीय विधियों का सहारा लिया जा सकता है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## ईश्वर को पाने के लिए 'मन रूपी द्वार' का बंद होना आवश्यक है

एक बार भगवान दुविधा में पड़ गए कि कोई भी मनुष्य जब मुसीबत में पड़ता है, तब मेरे पास भागा-भागा आता है और मुझे सिर्फ अपनी परेशानियां बताने लगता है, मेरे पास आकर कभी भी अपने सुख या अपनी संतुष्टि की बात नहीं करता। मेरे से





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

कुछ न कुछ मांगने लगता है! अंततः भगवान ने इस समस्या के निराकरण के लिए देवताओं की बैठक बुलाई और बोले- कि हे देवो, मैं मनुष्य की रचना करके कष्ट में पड़ गया हूं। कोई न कोई मनुष्य हर समय शिकायत ही करता रहता हैं, जबकि मै उन्हें उसके कर्मानुसार सब कुछ दे रहा हूँ। फिर भी थोड़े से कष्ट में ही मेरे पास आ जाता हैं, जिससे न तो मैं कहीं शांति पूर्वक रह सकता हूं, न ही शास्वत स्वरूप में रहकर साधना कर सकता हूं। आप लोग मुझे कृपया ऐसा स्थान बताएं, जहां मनुष्य नाम का प्राणी कदापि न पहुंच सके।

प्रभु के विचारों का आदर करते हुए देवताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट करने शुरू किए। गणेश जी बोले- आप हिमालय पर्वत की चोटी पर चले जाएं। भगवान ने कहा- यह स्थान तो मनुष्य की पहुंच में हैं। उसे वहां पहुंचने में अधिक समय नहीं लगेगा। इंद्रदेव ने सलाह दी- कि आप किसी महासागर में चले जाएं। वरुण देव बोले- आप अंतरिक्ष में चले जाइए। भगवान ने कहा- एक दिन मनुष्य वहां भी अवश्य पहुंच जाएगा। भगवान निराश होने लगे थे। वह मन ही मन सोचने लगे-क्या मेरे लिए कोई भी ऐसा गुप्त स्थान नहीं हैं, जहां मैं शांतिपूर्वक रह सकूं। अंत में सूर्य देव बोले- प्रभु! आप ऐसा करें कि मनुष्य के हृदय में बैठ जाएं! मनुष्य अनेक स्थान पर आपको ढूंढने में सदा उलझा रहेगा, क्योंकि मनुष्य बाहर की प्रकृति की तरफ को देखता है दूसरों की तरफ को देखता है खुद के हृदय के अंदर कभी झांक कर नहीं देखता। इसलिए वह यहाँ आपको कदापि तलाश नहीं करेगा। करोड़ों में कोई एक जो आपको अपने हृदय में तलाश करेगा। वह आपसे शिकायत करने लायक नहीं रहेगा, क्योंकि उसकी बाहरी इच्छा शक्ति खत्म हो चुकी होगी। ईश्वर को सूर्य देव की बात पसंद आ गई। उन्होंने ऐसा ही किया और भगवान हमेशा के लिए मनुष्य के हृदय में जाकर बैठ गए। उस दिन से मनुष्य अपना दुख व्यक्त करने के लिए ईश्वर को मन्दिर, पर्वत पहाड़ कंदरा गुफा ऊपर, नीचे, आकाश, पाताल में ढूंढ रहा है पर वह मिल नहीं रहें हैं। परंतु मनुष्य कभी भी अपने भीतर ईश्वर को ढूंढने की कोशिश नहीं करता है। इसलिए मनुष्य हृदय रूपी मन्दिर में बैठे हुए ईश्वर को नहीं देख पाता और ईश्वर को पाने के चक्कर में दर-दर घूमता है, पर अपने हृदय के दरवाजे को खोल कर नहीं देख पाता।

'हृदय रूपी मंदिर' में बैठे हुए ईश्वर को देखने के लिए 'मन रूपी द्वार' का बंद होना अति आवश्यक है, क्योंकि 'मन रूपी द्वार' संसार की तरफ़ खुला हुआ है और 'हृदय रूपी मंदिर' की ओर बंद है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

शहर के वागले इस्टेट कामगार अस्पताल परिसर में ठाणे जिला सिविल अस्पताल और शिवशांति प्रतिष्ठान द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार के मार्गदर्शन और जिला अतिरिक्त शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े के निर्देश पर किया गया।



### शिविर में उपस्थित लोग

सिविल अस्पताल की डॉक्टर अश्विनी घोटे, डॉ. मिनाज सिद्दीकी, डॉ. आदित्य नागापुरकर, डॉ. कुणाल खांडेल और विजया पावले ने उपस्थित लोगों का रक्त एकत्र किया। इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक दिलीप बारटक्के, अमित सरैया, पंडित राममिलन शुक्ला, समाजसेवक कुलदीप तिवारी, सुधीर सिंह, विजयप्रताप सिंह, मनीषा सिंह, राजेश तिवारी, संजय झा, लक्ष्मी मौर्या, एड. शिक्षा संस्कार, रंजीत सिंह, सत्यप्रकाश शुक्ला, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, सुधांशु बिसोई, सूरज राजभर, मनीष सिंह और धर्मेंद्र विश्वकर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### रक्त की कमी को लेकर जागरूकता

सिविल अस्पताल के डॉ. गिरीश चौधरी ने बताया कि राज्यभर के सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंकों में रक्त की भारी कमी हो रही है। इस कमी को दूर करने के लिए उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे साल में कम से कम दो बार रक्तदान करें।

### संस्था का योगदान

शिविर के संस्थापक एड. विनय कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन सभी संस्थाओं को सरकारी अस्पतालों से जुड़कर करना चाहिए ताकि जरूरतमंद मरीजों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने सिविल अस्पताल के डॉक्टरों से आग्रह किया कि साल में हर चार महीने में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाए।

# धाराविकरों के लिए शून्य रखरखाव के साथ 10 साल का तनाव मुक्त जीवन

## धारावी पुनर्विकास परियोजना: स्थायी भविष्य और बेहतर जीवन का वादा

दीपक पवार । मुंबई

धारावी पुनर्विकास परियोजना, जिसे देश की सबसे महत्वाकांक्षी आवासीय योजनाओं में से एक माना जा रहा है, धाराविकरों को शून्य रखरखाव और तनाव मुक्त जीवन का वादा कर रही है। इस परियोजना का उद्देश्य धारावी के निवासियों को न केवल आधुनिक घर प्रदान करना है, बल्कि उनकी जीवनशैली और भविष्य को बेहतर बनाना भी है।

शून्य रखरखाव शुल्कः पुनर्विकास परियोजना के तहत, पात्र धाराविकरों को अगले 10 वर्षों तक किसी भी प्रकार का रखरखाव शुल्क नहीं देना होगा। यह खर्च डेवलपर द्वारा वहन किया जाएगा। मुफ्त और सस्ती



आवास सुविधाः पात्र निवासियों को मुफ्त में 350 वर्ग फुट का घर प्रदान किया जाएगा, जो झुग्गी पुनर्वास योजना के 300 वर्ग फुट से 17% बड़ा है। अपात्र निवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना या रेंट-टू-परचेज मॉडल के तहत सस्ते फ्लैट दिए जाएंगे।

नई टाउनशिप में 24 घंटे पानी की आपूर्ति, अलग शौचालय, रसोई, स्कूल, अस्पताल, और शॉपिंग सेंटर जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

सोसायटी के रखरखाव के लिए, निर्मित क्षेत्र का 10% व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आरक्षित रहेगा, जिससे स्थायी आय का स्रोत सुनिश्चित होगा।

यह परियोजना न केवल धारावी के निवासियों को बेहतर जीवन देने का वादा करती है, बल्कि आसपास के इलाकों की सूरत भी बदलने का उद्देश्य रखती है। जिन लोगों को धारावी में घर नहीं मिल पाएगा, उन्हें मुंबई महानगर क्षेत्र के अन्य भूखंडों पर पुनर्वासित किया जाएगा।

धारावी पुनर्विकास परियोजना का उद्देश्य 2022 में लागू निविदा प्रक्रिया के बाद से पुनर्वास के साथ-साथ आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता देना है।

यह परियोजना धारावी के निवासियों को न केवल बेहतर आवास, बल्कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार का अवसर देगी। परियोजना से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ₹धारावी पुनर्विकास परियोजना मुंबई और धारावी के निवासियों के लिए एक नया और सकारात्मक अध्याय लेकर आएगी।₹ धारावी पुनर्विकास परियोजना मुंबईकरों के लिए एक उदाहरण पेश करती है कि कैसे सुनियोजित योजनाएं नागरिकों को आधुनिक और समृद्ध जीवन जीने में सक्षम बना सकती हैं।

# यातायात पुलिस की मदद से एमएमआरडीए की प्रमुख परियोजनाओं में तेजी

दीपक पवार । मुंबई

मुंबई में मेट्रो और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए एक अहम मील का पत्थर साबित होने वाले निर्णय में, लंबित अनुमतियों के तत्काल निपटारे पर जोर दिया गया है। इस निर्णय के बाद, यातायात पुलिस की मंजूरी से एमएमआरडीए के कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को गति मिलेगी।



## शिवडी-वर्ली कनेक्टर और मेट्रो परियोजनाओं समेत नौ प्रमुख प्रोजेक्ट्स के लिए 17 महत्वपूर्ण मंजूरियां दी गई

एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने परिवहन विभाग के संयुक्त आयुक्त अनिल कुंभारे और परियोजना इंजीनियरों के साथ एक बैठक की, जिसमें शिवडी-वर्ली कनेक्टर और मेट्रो परियोजनाओं समेत नौ प्रमुख प्रोजेक्ट्स के लिए 17 महत्वपूर्ण मंजूरियां दी गई। इन मंजूरियों से परियोजनाओं में कोई अड़चन नहीं आएगी, और मुंबई की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में सुधार में तेजी आएगी। इन मंजूरियों में मेट्रो लाइन 2बी, मेट्रो लाइन 6, शिवडी-वर्ली कनेक्टर और मिसिंग लिंक फ्लाईओवर जैसी परियोजनाओं के लिए आवश्यक यातायात परमिट शामिल हैं। इन परियोजनाओं के समय पर पूरा होने से मुंबई के बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और यातायात की समस्याओं का समाधान होगा।

### मंजूर की गई अनुमतियां:

1. मेट्रो लाइन 2बी (डीएन नगर से मांडले):
* पूरी लाइन के लिए यातायात परमिट का नवीनीकरण
* मिलान सबवे के पास ऊंचाई गेज के लिए परमिट
* बांद्रा आरओबी (वेस्टर्न एक्सप्रेसवे) पर ट्रैफिक डायवर्जन।
* एस.वी. BA369 (बांद्रा मेट्रो स्टेशन) सड़क पर यातायात डायवर्जन परमिट
2. मेट्रो लाइन 6:
* आईआईटी पवई ग्रिड ए पर ट्रैफिक डायवर्जन के लिए परमिट
* BC02R पैकेज के लिए परिवहन परमिट का नवीनीकरण
* साकी विहार से रामबाग तक यातायात को डायवर्ट करने की अनुमति
* P103 पर यातायात परमिट
3. मिसिंग लिंक फ्लाईओवर:
* जेवीएलआर और पूनम नगर में 1 जून, 2026 तक अनुमति
4. मेट्रो लाइन 7ए:
* वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर एलिवेटेड मार्ग की अनुमति का नवीनीकरण
5. मेट्रो लाइन 9:
* दहिसर (पूर्व) से मीरा-भायंदर मार्ग पर यातायात परमिट का नवीनीकरण
6. शिवडी-वर्ली एलिवेटेड कनेक्टर परियोजना:
* आचार्य डोंड मार्ग पर पी31-पी32 पर सिग्नल पोल शिफ्ट करने की अनुमति
* गर्डरों के निर्माण के लिए आचार्य डोंड रोड को बंद करने की अनुमति
* एलफिंस्टन ब्रिज को बंद करने की अनुमति
7. जनता कॉलोनी, जोगेश्वरी में वाहन अंडरपास:
8. वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर अकुर्ली सबवे का विस्तार और निर्माण:
9. कुर्ला से वकोला एलिवेटेड रोड का निर्माण:
* इसमें वकोला जंक्शन, यूनिवर्सिटी जंक्शन, बीकेसी जंक्शन, एमटीएनएल जंक्शन और कुर्ला में एलबीएस फ्लाईओवर शामिल है।

# मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्य में धांधली

## करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद कई सड़कों की हालत जस की तस

दीपक पवार । साकोली

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में निर्माण कार्य का समय एक साल का होता है और उसके बाद उसी ठेकेदार से पांच साल तक मरम्मत का काम लिया जाता है। साथ ही न्यूनतम मानधन पर काम करने वाले जूनियर इंजीनियरों की निगरानी में इस तरह से सड़क निर्माण के कारण सड़क की गुणवत्ता घट रही है, इस पर रोष व्याप्त हो रहा है। संबंधित विभाग को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। तहसील सहित जिले की सभी सड़कें सार्वजनिक निर्माण विभाग या जिला परिषद सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीन आती हैं। लेकिन इन विभागों के पास बहुत कम जनशक्ति और निधि की कमी होने के कारण देखभाल और मरम्मत के काम पर ध्यान नहीं दिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप लगभग



सभी सड़कों की हालत खराब हो गई है। इसके कारण इन सड़कों से यात्रा करने वाले वाहन चालकों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ी है। यह समस्या सरकार के ध्यान में आयी और अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री के कार्यकाल में केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क विकास कार्य किए गए। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें उसी हालत में रहीं। केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की गई। आज तक यह योजना जारी है। इस योजना के तहत तहसील से गुजरने वाले अंतरराज्यीय, अंतरजिला, अन्य जिला मार्ग और ग्रामीण मार्गों पर सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम किया गया है। लेकिन निर्माण कार्य के बाद उसी ठेकेदार को मरम्मत का काम सौंपने के कारण सड़क की गुणवत्ता घटने से करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी कई सड़कों की स्थिति 'जैसी थी' बनी हुई है, जो तहसील में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस पर उपायों की आवश्यकता है।

# रेलवे आरक्षित टिकट की जालसाजी करने वाला गिरफ्तार

## पुणे रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की विशेष टीम की कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता । पुणे

23 दिसंबर 2024 को पुणे रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की विशेष टीम ने आरक्षित टिकट की जालसाजी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी मोबाइल पर फर्जी आरक्षित टिकट बुकिंग के संदेश बनाकर रेलवे स्टेशन के बुकिंग और सर्कुलेटिंग एरिया में असहाय यात्रियों को भेज रहा था।

### पुलिस कार्यवाही

यह मामला जीआरपी पुणे को सौंप दिया गया है, जिन्होंने भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4) 2023 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पीएसआई नाजरे कर रहे हैं।



### आरोपी की गिरफ्तारी

आरोपी ने यात्रियों को धोखा देने की बात स्वीकार की और कहा कि वह रेलवे अधिकारियों के माध्यम से टिकट कन्फर्मेशन का आश्वासन दे कर और हेरफेर किए गए संदेश भेजकर पैसे ऐंठता था। आरोपी की पहचान प्रवीण कुमार मधुलर लोंढे के रूप में हुई, जो सांगली के गोटखिंडी गांव का निवासी है।

### जालसाजी का खुलासा

इस धोखाधड़ी की पहली सूचना झेलम एक्सप्रेस में कार्यरत टीटीई जी.एस. राजापुरे से मिली, जिन्होंने रेलवे प्रशासन को सतर्क किया। इसके बाद आरपीएफ अधिकारियों की एक टीम बनाई गई, जिसने आरोपी के मोबाइल नंबर के आधार पर विवरण ट्रैक किया। संदेश में पीएनआर 8451236947, ट्रेन नंबर 11077 झेलम एक्सप्रेस, 17 दिसंबर 2024 की यात्रा का विवरण था, जिसमें यात्री का नाम दीपेंद्र और सीट नंबर एस/2-63/71 था। आरोपी ने यह आश्वासन देकर 2000 नकद वसूले कि टिकट में उल्लिखित सीट कन्फर्म है।

# पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस एवं अजमेर के बीच चलाएगी दो स्पेशल ट्रेनें

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस एवं अजमेर के बीच विशेष किराये पर दो स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।



### बांद्रा टर्मिनस - अजमेर (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09624 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 10.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.15 बजे अजमेर पहुंचेगी। यह ट्रेन 26 दिसंबर, 2024 और 2 जनवरी, 2025 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09623 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल बुधवार को अजमेर से 10.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 25 दिसंबर, 2024 और 1 जनवरी, 2025 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, रतलाम, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर और किशनगढ़ स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे।

### बांद्रा टर्मिनस- अजमेर (साप्ताहिक) सुपरफास्ट अनारक्षित उर्स स्पेशल

ट्रेन संख्या 09027 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल ट्रेन गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.25 बजे अजमेर पहुंचेगी। यह ट्रेन 26 दिसंबर, 2024 और 2 और 9 जनवरी, 2025 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09028 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को अजमेर से 10.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04.20 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 27 दिसंबर 2024 और 3 व 10 जनवरी 2025 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, दहानू रोड, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर और नसीराबाद स्टेशनों पर रुकेगी।

# रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज की विज्ञान प्रदर्शनी में शानदार सफलता




डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

अन्ना साहिब जाधव स्कूल में 16 और 17 दिसंबर 2024 को आयोजित तालुक स्तर की 52वीं विज्ञान प्रदर्शनी में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में 130 प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया गया, जिसमें रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के हायर सेकेंडरी सेक्शन के छात्रों अंसारी फरहान मुहम्मद जुनैद और खान आसिफ अब्दुल कय्यूम को तीसरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन छात्रों ने अंसारी सुमैया अनीस अहमद के मार्गदर्शन में अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। इसके अलावा, कालेज की लैब अटेंडेंट मोमिन मंतशा ने पहला पुरस्कार जीता

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – दूसरों के काम में कमियाँ न निकालें। आप निर्णय लेने में थोड़ी बहुत चूक कर सकते हैं। परिवार के लोगों से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। पति-पत्नी के बीच सम्बन्धों में दबाव महसूस होगा। समय रहते हुये मामलों को सुलझा लें।

**वृष** – कारोबारियों के लिये दिन बहुत शुभ है। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती है। समाज में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन में सुधार होगा। कम समय में उच्चतम गुणवत्ता का काम करेंगे।

**मिथुन** – मित्रों के स्वभाव में आया अचानक बदलाव आपको दुखी करेगा। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। परिवार की इच्छाओं के लिये आपको त्याग करना पड़ सकता है। अत्यधिक काम के कारण आपको आराम नहीं मिलेगा जिसके कारण थकान महसूस हो सकती है।

**कर्क** – व्यवसाय में कुछ धीमेपन के बाद अच्छी गति रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। शेयर मार्केट में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**सिंह** – आय के नये स्रोत बन सकते हैं। अवसरों का लाभ उठाने में चूक न करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का परिचय देंगे। पैतृक व्यवसाय में तेजी आयेगी।

**कन्या** – छोटी-छोटी बातों पर विचलित होने से बचें। युवा प्रेम सम्बन्धों को लेकर सावधान रहें। माता-पिता की अवहेलना न करें। बनते कार्यों में रुकावटे आने की आशंका है। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं।

**तुला** – नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आज आपका मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। अपनी दिनचर्या को सन्तुलित रखें।

**वृश्चिक** – पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। व्यापारिक गतिविधियाँ शानदार रहेंगी। घर के सभी सदस्य आपके ऊपर काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। उच्च अधिकारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**धनु** – सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से बड़ा धन लाभ होगा। घर में निकट सम्बन्धी और रिश्तेदार आ सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। परिवार में आपसी प्रेम और स्नेह बढ़ेगा। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा।

**मकर** – नयी नौकरी की शुरुआत करने के लिये दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वंदिता के कारण परेशानी होगी। व्यर्थ की गतिविधियों में धन खर्च न करें। पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। खानपान में संयम रखें। नसों में खिंचाव और दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कुंभ** – व्यवसाय में बड़ी डील को लेकर परेशानी हो सकती है। जॉब में आपका मन नहीं लगेगा। निजी मामलों को लेकर बाहरी लोगों से सलाह न लें। योग और व्यायाम करने से आप स्वस्थ रहेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों को लेकर लापरवाही न करें।

**मीन** – अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यवसाय को लेकर बड़ा निर्णय ले सकते हैं। परिजनों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों के लिये दिन विशेष रूप से शुभ है।

# मंगल- गुरु युति के प्रभाव

भाग-3

### गुरु और मंगल युति चतुर्थ भाव में:-

चौथा भाव संपत्ति और मूल भूमि का भाव है। यह भाव भूमि, अचल संपत्ति और मां के साथ संबंध का प्रतिनिधित्व करता है। इसे बंधु भाव भी कहा जाता है। जब संयोजन 4 वें घर में होता है, तो जातक मातृभूमि और परिवार के साथ आराम से भरा जीवन व्यतीत करता है। वह एक खुशहाल प्रकृति के व्यक्ति होंगे और सरकारी नौकरी में एक सम्मानजनक पद प्राप्त करेंगे। इस भाव में गुरु और मंगल युति जातक को बहुत धार्मिक बनती है और इस कारन वह धार्मिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। ऐसे जातक त्वरित विचारक होते हैं लेकिन उनके मन में बेचैनी होती है। साथ ही वह आक्रामक होते हैं। ऐसे जातक बुद्धिमान भी होते हैं और उनमे महान प्रबंधकीय कौशल होता है। हालाँकि, उनका अभिमान उनके लिए हर चीज़ को बदतर बना सकता है। जैसा कि यह मां के साथ रिश्ते का भाव है, जातक की माँ मंगल के प्रभाव के कारण बहुत ही बोल्ड होगी जो





प्रियंका जैन
9769994439

उनके कठिन समय में उनका समर्थन करेगी। इसके साथ ही, वे अपने दोस्तों और परिवार के साथ एक अच्छा रिश्ता बनाए रखेंगे।

### गुरु और मंगल युति पंचम भाव में:-

पुत्र भाव के रूप जाना जाने वाला 5 वां भाव चंचलता, रचनात्मकता, बुद्धि, बच्चों, रोमांस, सेक्स, आनंद और नवीनता का प्रतिनिधित्व करता है। 5 वें भाव में, गुरु शुभ परिणाम देता है क्योंकि यह आशावाद का घर है और गुरु विस्तार का संकेत देता है। हालांकि, मंगल के साथ संयोजन इसे एक हानिकारक स्थिति बनाता है। ऐसे व्यक्ति ख़राब स्वभाव और चंचल दिमाग के होते हैं। उनके सभी अच्छे गुणों को इन दो लक्षणों के कारण लोग देख नहीं पाते। इसके साथ ही, वह बात इधर की उधर करने में भी माहिर होते हैं और अक्सर कठोरता से काम कर सकते हैं।

वे कार्यों में चतुर होते हैं। हालांकि, वे लालची कामों स्वाभाव के होते हैं। ऐसे जातकों को विज्ञान का अच्छा ज्ञान होता है। वे शक्तिशाली सलाहकार भी बन सकते हैं।

### गुरु और मंगल युति षष्टम भाव में:-

षष्टम भाव स्वास्थ्य, कल्याण, बीमारी, दैनिक जीवन और ऋणों को दर्शाता है। यह दुश्मनों, बाधाओं, समस्याओं और विकल्पों का भी भाव भी है। इस घर में गुरु और मंगल की युति शुभ फल देती है। यह जातक को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से सशक्त बनाती है। उनका दुश्मन उन्हें कभी नहीं हरा सकता था। इस तरह के जातक में विश्लेषणात्मक क्षमता अच्छी होती है। वे अच्छे नेता बने सकते हैं। अपनी प्रभावशाली रणनीति के साथ, वे सभी का दिल जीत लेते हैं और अच्छी वित्तीय और सामाजिक स्थिति प्राप्त कर सकते हैं। यह संयोजन जातक को एक आरामदायक जीवन और आनंदमय वातावरण प्रदान करता है। अच्छे परिणामों के साथ-साथ, यह बीमारी का भाव भी है। गुरु मोटापे का प्रतिनिधित्व करता है और मंगल चोटों और सर्जरी का संकेत देता है। इस प्रकार, जातक को कई सर्जरी से गुजरना पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, वे कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय संबंधी समस्याओं जैसे स्वास्थ्य स्थितियों से पीड़ित हो सकते हैं।

क्रमशः

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# बिहार में शराब माफियाओं के हौसले बुलंद

## पकड़ने गई पुलिस टीम पर किया हमला

**एजेंसी । औरंगाबाद**

औरंगाबाद में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर अपराधियों ने हमला कर दिया है। ड्रोन से सोन दियारा क्षेत्र में शराब के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची पुलिस पर शराब धंधेबाजों ने ईंट और पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में चार सिपाही चोटिल हो गए हैं। यह घटना ओबरा थाना क्षेत्र के महादेवा के समीप की बताई जा रही हैं। जिसे मंगलवार की सुबह 9:30 बजे अपराधियों ने अंजाम दिया है।



### ड्रोन से निगरानी करने पहुंची थी पुलिस की टीम

मिली जानकारी के अनुसार, शराब के खिलाफ छापेमारी करने के लिए उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम ड्रोन से निगरानी कर रही थी। विभाग के सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार के नेतृत्व में उत्पाद पुलिस शराब धंधेबाजों पर शिकंजा कसने पहुंची थी। महादेवा के सोन दियारा में टीला पर ड्रोन उड़ाया गया। कुछ लोग शराब बनाते देखे गए, जो पुलिस को देखकर भाग गए।

### 50-60 की संख्या में पहुंचे थे अपराधी

उसके बाद फिर वे 50-60 की संख्या में पहुंचे और उत्पाद एवं मद्य निषेध की पुलिस को घेर कर ईंट-पत्थर से हमला कर दीए। इस हमले में उत्पाद विभाग के सिपाही धनंजय कुमार, राकेश कुमार, आमोद कुमार व जीपु कुमार गंभीर रूप से चोटिल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद हमलावर मौके से भाग निकले। घटना की पुष्टि करते हुए उत्पाद व मद्य निषेध थाना दाउदनगर के थानाध्यक्ष दानी प्रसाद ने बताया कि दो नामजद व अन्य अज्ञात हमलावरों के खिलाफ ओबरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। चूंकि घटनास्थल ओबरा थाना क्षेत्र में है।

# स्कूल में 11 बच्चे अचानक हुए बेहोश

## महीने में दूसरी बार हुई ऐसी घटना



**सोनभद्र।** सोनभद्र के सिंगरौली जिले में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपराझांपी में सोमवार को 11 बच्चे अचानक अचेत हो गए। यह घटना महीने में दूसरी बार हुई है, जिससे स्कूल प्रशासन और अभिभावकों में हड़कंप मच गया है।

### इंटरवल से पहले बेहोश हुए छात्र

सोमवार को इंटरवल से पहले अचानक 11 छात्र-छात्राएं एक-एक करके कक्षा में बेहोश होने लगे। बच्चों को अचेत होते देख स्कूल स्टाफ ने तुरंत उनके अभिभावकों और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को सूचित किया।

### प्रशासन की तत्परता

घटना की सूचना मिलने पर प्रधानाध्यापक ने बच्चों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचवाया। साथ ही, एसडीएम सृजन वर्मा और डीईओ एसबी सिंह ने स्कूल पहुंचकर घटना की जांच की और शिक्षकों से बातचीत की।

### कारण अब तक अज्ञात

बच्चों के बार-बार बीमार होने की वजह फिलहाल पता नहीं चल पाई है। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गहन जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने स्कूल की सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ ने CMS के खिलाफ खोला मोर्चा

**वाराणसी।** वाराणसी जिला अस्पताल में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने सीएमएस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को डॉक्टरों ने जिलाधिकारी, अपर निदेशक स्वास्थ्य और सीएमओ से मिलकर मांग पत्र सौंपा। जिस पर 40 डॉक्टरों और 20 से ज्यादा पैरामेडिकल स्टाफ के हस्ताक्षर भी हैं।

अपने शिकायतीपत्र में डॉक्टरों ने मनमाने तरीके से अस्पताल में ड्यूटी लगाने, कागज पर डॉक्टरों को नोडल बनाकर खुद ही काम करने का आरोप सीएमएस पर लगाया है। जबरन कारण बताओ नोटिस देने और आए दिन मरीजों और तीमारदारों से दुर्व्यवहार सहित कई अन्य आरोप भी लगाए हैं। वहीं डॉक्टरों के साथ प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के सचिव डॉ. आरएन सिंह भी साथ रहे। उन्होंने भी स्वास्थ्य मंत्री समेत अन्य अधिकारियों से जिला अस्पताल के सीएमएस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ ने तीन दिन में सीएमएस को हटाने की मांग की। ऐसा न होने पर सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी दी है।

### 3900 करोड़ की लागत से बनेगा पटना-आरा-सासाराम फोरलेन

**पटना।** केंद्र सरकार ने पटना-आरा-सासाराम (4-लेन) हाईवे परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। इसका निर्माण मार्च 2025 से शुरू हो सकता है। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में 3,900 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बताया जा रहा है कि इस हाईवे को केंद्र सरकार ने हाइब्रिड एन्युटी मोड में बनाने का फैसला लिया है। सड़क के निर्माण के बाद पटना, भोजपुर और रोहतास जिलों के बीच आवागमन आसान हो जाएगी।

हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) का मतलब है, सड़क निर्माण और राजमार्ग परियोजनाओं के लिए एक ऐसा मॉडल जिसमें सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर काम करते हैं। इस मॉडल में, सरकार परियोजना लागत का 40% हिस्सा देती है और बाकी 60% हिस्सा निजी क्षेत्र को उठाना होता है। इस मॉडल के तहत, सरकार पहले पांच सालों में परियोजना लागत का 40% हिस्सा पांच बराबर किस्तों में देती है। बाकी 60% हिस्सा, परियोजना के पूरा होने के बाद, निर्मित परिसंपत्तियों के मूल्य के आधार पर दिया जाता है। इस मॉडल में, परियोजनाओं के मुकदमेबाजी में फंसने, विलंब से पूरा होने, और लागत बढ़ने की आशंका कम रहती है।

# धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास में तीन आरोपी गिरफ्तार

## प्रार्थना सभा में लालच देकर कराया जा रहा था धर्म परिवर्तन

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के मौजपुर गांव में धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। रविवार की रात पुलिस ने तीन आरोपियों को पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में गिरफ्तार किया।

### पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना



पुलिस को सूचना मिली थी कि मौजपुर गांव में प्रार्थना सभा के दौरान लोगों को पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मौके पर छापेमारी की।

### आरोपियों की पहचान

गिरफ्तार आरोपियों में मौजपुर निवासी ओम प्रकाश राम, जमानिया कोतवाली क्षेत्र के नरियांव गांव निवासी रमेश चंद्र कुशवाहा और दिलदारनगर थाना के फरीदपुर गांव निवासी पिंटू राम शामिल हैं।

### आगे की कार्रवाई जारी

पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। धर्म परिवर्तन के इस प्रयास ने इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है। स्थानीय प्रशासन ने ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी रखने का आश्वासन दिया है।

# दो मासूम बच्ची की हत्या

**पूर्णिया।** अमौर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला क्राइम मामला सामने आया है, जिसमें मामी-भांजे के अवैध संबंध में तीन की हत्या हो गई है। महिला ने भांजे के साथ मिलकर अपनी दो छोटी मासूम बेटियों को मार डाला। भांजे ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना अमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमगाछी पंचायत के वार्ड 11 की है। मृतक की पहचान बलुवाटोली गांव वार्ड नंबर दस के भांजा मो. तौकर उर्फ एवं महिला की पुत्री साजिया प्रवीण उम्र 03 वर्ष व दिल्लो प्रवीण उम्र 02 वर्ष पिता मो अख्तर के रूप में हुई है।

# बढ़ी पुलिस की सख्ती

## पिकअप से ले जा रहे थे 10 गोवंश, 2 गिरफ्तार

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले में पुलिस द्वारा गोवंश तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सोमवार की रात कैंट पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से घेराबंदी कर दो पिकअप पकड़ी, जिनमें कुल 10 गोवंश लदे हुए थे। तस्कर गाड़ियों को छोड़कर भागने में सफल रहे, लेकिन दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### रेलवे स्टेशन रोड और इंजीनियरिंग कॉलेज के पास गिरफ्तारियां



पुलिस को रेलवे स्टेशन रोड के पास पिकअप में गोवंश ले जाने की सूचना मिली थी। घेराबंदी के दौरान तस्कर गाड़ी छोड़कर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर एक तस्कर को पकड़ लिया। इसी तरह, इंजीनियरिंग कॉलेज के पास भी एक पिकअप को पकड़ा गया, जिसमें पांच गोवंश लदे हुए थे। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

### गिरफ्तार तस्करों की पहचान

पुलिस ने तस्करों से पूछताछ की और उनकी पहचान कुशीनगर जिले के सिधारी गांव निवासी गंगेश कुशवाहा और बसिया गांव निवासी सहबाज के रूप में की। पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गोवंश तस्करी पर नियंत्रण लगाने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# गोलियों की आवाज से थर्रा उठी धनबाद की धरती

## पुलिस ने बरामद किया 6 खोखा

**एजेंसी । धनबाद**

धनबाद की धरती गोलियों की आवाज से थर्रा उठी है। घटना घनुवाडीह ओपी क्षेत्र में स्थित देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी की है। हालांकि इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों के बीच दहशत माहौल है। पुलिस ने झरिया के बलियापुर मुख्य मार्ग ओबी के समीप 6 खोखा बरामद किया है। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।



# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मिला महाकुंभ मेले में शामिल होने का न्योता

## पवित्र गंगाजल भी किया गया भेंट

**रांची।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और केंद्रीय राज्यमंत्री सुरेश राही ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके रांची स्थित कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम को प्रयागराज में आयोजित होने वाला महाकुंभ मेला 2025 में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही पवित्र गंगाजल और महाकुंभ का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।



### राज्यपाल संतोष गंगवार को भी दिया गया न्योता

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी यूपी के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और केंद्रीय राज्यमंत्री सुरेश राही को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने सीएम से लंबी बातचीत की। बीजेपी के वरिष्ठ नेता योगेंद्र उपाध्याय और सुरेश राही ने राज्यपाल संतोष गंगवार को महाकुंभ में शामिल होने के लिए न्योता दिया है। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

## व्यापार जगत

# नवंबर में हवाई यात्रियों की संख्या 11.90 प्रतिशत बढ़ी

## बढ़ती मांग के बीच 1.42 करोड़ यात्री

**एजेंसी । नई दिल्ली**

हवाई यातायात की बढ़ती मांग को देखते हुए भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने नवंबर महीने में घरेलू मार्गों पर 1.42 करोड़ यात्रियों को यात्रा कराई, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब 11.90 प्रतिशत अधिक है।



### इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी सबसे बड़ी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू हवाई यात्रा में हिस्सेदारी के मामले में इंडिगो सबसे आगे रही, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 63.6 प्रतिशत रही। इसके बाद एयर इंडिया (24.4 प्रतिशत), अकासा एयर (4.7 प्रतिशत) और स्पाइसजेट (3.1 प्रतिशत) का स्थान रहा।

# डेलॉयट हैसकिन्स, दो लेखा परीक्षकों पर जुर्माना

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के ऑडिट में खामियों के लिए डेलॉयट हैस्किन्स एंड सेल्स एलएलपी पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही, दो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स पर भी जुर्माना और पाबंदी लगाई गई है। वित्त वर्ष 2018-19 और 2019-20 के ऑडिट से जुड़े मामले में चार्टर्ड अकाउंटेंट एबी जानी पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और उन्हें पांच साल तक कोई भी ऑडिट कार्य करने से रोक दिया गया है। वहीं, राकेश शर्मा पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और उन्हें तीन साल की पाबंदी भी दी गई है। इन दोनों को जी एंटरटेनमेंट के वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2019-20 के ऑडिट में खामियों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया, जहां जानी भागीदार और शर्मा गुणवत्ता नियंत्रण समीक्षा भागीदार थे।

# क्रोम बिका तो स्क्रीन पर डिफॉल्ट नहीं दिखेगा सर्च

## बदल जाएगा इंटरनेट इस्तेमाल करने का तरीका

**नई दिल्ली।** गूगल पर उसके सबसे लोकप्रिय ब्राउजर क्रोम को बेचने का दबाव बनाया जा सकता है। ऐसा हुआ तो दुनियाभर में इंटरनेट एक्सेस करने का तरीका बदल सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कंप्यूटर स्क्रीन पर 'सर्च डिफॉल्ट रूप में उपलब्ध नहीं रहेगा। दरअसल, इस साल अगस्त में अमेरिका की एक अदालत ने कहा कि गूगल ऐंटीट्रस्ट लॉ यानी अविश्वास कानून का उल्लंघन कर रही है। संघीय न्यायाधीश ने कहा था कि गूगल ने खुद को दुनिया का डिफॉल्ट सर्च इंजन बनाने और मोनोपॉली के लिए अरबों डॉलर खर्च किए हैं। कोर्ट का यह फैसला कंपनी में संभावित सुधारों को तय करने का रास्ता साफ करता है। इसमें गूगल पैरेंट अल्फाबेट का विघटन भी शामिल हो सकता है।

### अगले साल होगा फैसला




अगले साल अप्रैल में गूगल और अमेरिकी न्याय विभाग इस संबंध में एक उपाय खोजेंगे। इसके बाद अगस्त में अमेरिकी अदालत इस संबंध में अपना अंतिम फैसला सुना सकती है। अमेरिका में विनियामकों ने गूगल को एप्पल और मोजिला जैसी कंपनियों के साथ सौदे करने से रोकने के लिए मजबूर करने का प्रस्ताव दिया है, जबकि गूगल के सरकारी मामलों के अध्यक्ष केंट वॉकर ने इसका विरोध किया है।

# ईएसआईसी ने ऑनलाइन सेवाओं को सुविधाजनक बनाया

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के हितधारकों को अब अस्पतालों में दिखाने के लिए समय लेने जैसी तमाम ऑनलाइन सुविधाएं अधिक सुरक्षित और सुगम तरीके से मिल सकेंगी। इसकी वजह यह है कि ईएसआईसी ने अपने ग्राहक कर्मचारियों को निर्बाध सेवाएं देने के लिए अपनी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली को उन्नत कर दिया है। आईटी प्रणाली को उन्नत बनाने का काम 22 दिसंबर को पूरा हो गया। ईएसआईसी बीमा के दायरे में शामिल कर्मचारियों और उनके परिजनों को अपनी सामाजिक सुरक्षा योजना और देशभर में अस्पतालों के व्यापक नेटवर्क के जरिये स्वास्थ्य बीमा और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करता है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि ईएसआईसी ने हार्डवेयर, मिडलवेयर, सॉफ्टवेयर और नेटवर्क सिस्टम सहित अपनी समूची आईटी प्रणाली को उन्नत कर लिया है। इससे यह अधिक तेज, अधिक सुरक्षित और इस्तेमाल में आसान हो गई है। इस प्रणाली से बाधा-रहित पंजीकरण कराने और अंशदान जमा करने में सुविधा मिलती है।



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 67 अंक टूटा

## विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी जारी

**एजेंसी । मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच बीएसई सेंसेक्स 67 अंक नीचे बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और ठोस संकेतकों के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाए रखी, जिसके कारण बाजार में मंदी का रुख रहा।

सेंसेक्स 67.30 अंक की गिरावट के साथ 78,472.87 अंक पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के दौरान यह 142.38 अंक तक गिर चुका था। वहीं, निफ्टी भी 25.80 अंक की गिरावट के साथ 23,727.65 अंक पर बंद हुआ।



### नुकसान में रहने वाले प्रमुख शेयर

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

वहीं दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, आईटीसी, नेस्ले, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी और जोमैटो शामिल थे।

# रुपया नौ पैसे गिरकर नये निचले स्तर पर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के बीच रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे की गिरावट के साथ 85.20 (अस्थायी) के नये सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, महीने के अंत में भुगतान दायित्व के कारण डॉलर की बढ़ती मांग और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के आक्रामक आयात शुल्क लागू करने की आशंका ने डॉलर को मजबूत किया। इसके अलावा, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने रुपये को और नीचे ला दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.10 पर खुला और दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.21 के अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गया।

# यशस्वी-पंत अपना खेल खेलने को आजाद : रोहित

## 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा सीरीज का चौथे मुकाबला

- 193 रन बनार हैं यशस्वी ने 38.60 की औसत से एक शतक से छह पारियों में
- 60 रन गिल ने तीन पारियों में 20 की औसत से बनाए। इस बीच 31 रन सर्वोच्च स्कोर रहा

**चौथा टेस्ट**

**एजेंसी | मेलबर्न**

भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। शीर्षक्रम में यशस्वी जायसवाल और शुभमान गिल दो ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें टीम का भविष्य माना जा रहा है। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में यह दोनों भी रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। यशस्वी ने पर्थ में दूसरी पारी में 161 रन की पारी खेली थी। उसके बाद (0,24,4,4*) सिर्फ एक बाद दोहरे अंक तक पहुंचे। बॉक्सिंग डे टेस्ट (26 दिसंबर) से पहले कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि इन दोनों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। दोनों अपने तरीके से खेलने के लिए आजाद हैं। रोहित ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा, जब आपकी टीम में यशस्वी जैसा खिलाड़ी हो तो आप उसकी मानसिकता के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे। उसे जितना संभव हो उतना स्वच्छंद होकर खेलने दें। उसकी बल्लेबाजी को लेकर बहुत अधिक विचार करके उस पर अतिरिक्त बोझ नहीं बनने दें। वह किसी अन्य की तुलना में अपनी बल्लेबाजी के बारे में बेहतर समझ रखता है। उसने अभी तक इसी तरह से क्रिकेट खेली है। वह पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खेल रहा है। वह पहले ही दिखा चुका है कि वह क्या करने में सक्षम है।



### पंत पर कोई दबाव नहीं

रोहित ने यह सुझाव भी खारिज कर दिया कि ऋषभ पंत पर 2021 के अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराने का दबाव है। यह विकेटकीपर बल्लेबाज अब तक पांच पारियों में एक अर्धशतक भी नहीं जड़ पाया है। तीन साल पहले टीम को ऑस्ट्रेलिया में जीत दिलाने में पंत ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, पंत पर किसी तरह का दबाव नहीं है। उसने यहां अभी तक तीन टेस्ट मैच खेले हैं। भारत में वह अच्छी फॉर्म में था। हमें दो या तीन टेस्ट मैच के आधार पर आकलन नहीं करना चाहिए। वह जानता है कि उसे क्या करना है।

### बुमराह को सलाह की जरूरत नहीं

कप्तान ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बारे में कहा, उनके मामले में सबसे आसान तरीका यही होता है कि उसे किसी तरह की सलाह नहीं दी जाए। वह जानता है कि वह क्या कर रहा है और किस तरह से चीजों को आगे बढ़ाना है। वह चीजों को जटिल बनाने का प्रयास नहीं करता है। उन्हें सरल बनाए रखता है। वह अपने कौशल पर पूरा भरोसा रखता है।

### कोहली का समर्थन किया

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया में ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर विराट कोहली के संघर्ष को लेकर चिंताओं को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। टीम में लंबे समय के अपने साथी का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा, आधुनिक समय के महान खिलाड़ी अपने रास्ते को खुद तय कर लेते हैं। जब एक पत्रकार ने रोहित से पूछा कि खराब दौर से गुजर रहे मौजूदा युग के किसी महान खिलाड़ी को आप सलाह देना पसंद करेंगे या उनके हालात पर छोड़ देंगे। कप्तान ने कहा, आप ने ही कहा कि वह मौजूदा दौर के महान खिलाड़ी हैं। मौजूदा दौर के महान खिलाड़ी अपना रास्ता खुद तय कर लेते हैं।

### रन बनाने में दूसरे नंबर पर हैं जायसवाल

बाएं हाथ के 22 साल के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इस साल टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वालों में दूसरे नंबर पर हैं। वह 14 मैच की 27 पारियों में 52.48 की औसत से 1312 रन बना चुके हैं। इसमें तीन शतक और सात अर्धशतक हैं। इंग्लैंड के जो रूट (1556 रन, 31 पारियां) ही उनसे आगे हैं।

35 रिकॉर्ड छक्के : इस दौरान 35 रिकॉर्ड छक्के भी यशस्वी के बल्ले से निकले हैं। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 30 का आंकड़ा भी छू नहीं पाया है। श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस (21) दूसरे नंबर पर हैं। यशस्वी ने 149 चौके भी लगाए जो इंग्लैंड के बेन डकेट (153) के बाद दूसरे सर्वाधिक हैं।

### शुभमान को खुद पर भरोसा करना होगा : पोंटिंग

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमान गिल ने अपनी बल्लेबाजी शैली में काफी बदलाव कर लिए हैं। इससे विदेशी दौरों पर रन नहीं बन पा रहे लेकिन उन्हें आत्मविश्वास पैदा करना होगा। उन्होंने कहा, मुझे उसे खेलते देखना पसंद है। जब आप उसे अच्छी बल्लेबाजी करते देखें तो उसका कोई सानी नहीं है। लेकिन विदेश में उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है। मैंने एडिलेड में उसे बल्लेबाजी करते देखा और लगा कि उसने काफी बदलाव कर लिया है। स्कॉट बोलैंड गेंदबाजी कर रहा था और उसे आफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर फ्रंट पैड आगे कर दिया। बोलैंड ने सीधी गेंद पर उसे बोल्ड कर दिया।

## विश्व कप में निकी के हाथों में ही रहेगी कमान

- एक बदलाव किया गया है एशिया कप जीतने वाली 15 सदस्यीय टीम में
- 18 जनवरी से दो फरवरी तक कुआलालंपुर में खेला जाएगा विश्व कप का दूसरा संस्करण

**अंडर-19 महिला टी-20**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

पहला एशिया कप जीतने वाले निकी प्रसाद की अगुआई वाली टीम ही अंडर-19 महिला टी-20 विश्व में चुनौती पेश करेगी। मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में एकमात्र बदलाव वैष्णवी शर्मा के रूप में किया गया है जो मीडियम पेसर नंदना एस की जगह लेंगी। उन्हें स्टैंडबाय रखा गया है। भारतीय टीम ने रविवार को ही कुआलालंपुर में बांग्लादेश को हराकर पहले एशिया कप पर कब्जा किया था। विश्व कप अगले साल 18 जनवरी से दो फरवरी तक कुआलालंपुर में ही खेला जाएगा।



ग्रुप ए : भारत, मलेशिया, वेस्टइंडीज, श्रीलंका

ग्रुप बी : इंग्लैंड, आयरलैंड, पाक, अमेरिका

ग्रुप सी : न्यूजीलैंड, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीक, समोआ

ग्रुप डी : ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नेपाल, स्कॉटलैंड

### भारत का कार्यक्रम

19 जनवरी बनाम वेस्टइंडीज

21 जनवरी बनाम मलेशिया

23 जनवरी बनाम श्रीलंका

### विंडीज के खिलाफ आगाज

बीसीसीआई की महिला चयन समिति की ओर घोषित टीम में सानिका चालके उप-कप्तान होंगी।टीम में कमलिनी जी और भाविका अहिरे के रूप में दो विकेटकीपर हैं, जबकि तीन स्टैंडबाय खिलाड़ी नंदना एस, इरा जे और अनादि टी को भी टीम में शामिल किया गया है। मौजूदा चैंपियन भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा।

**टीम :** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके, जी तृषा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसोदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस।
स्टैंडबाय : नंदना एस, इरा जे, अनादि टी।

### नंबर गेम

- 16 टीमों को चार ग्रुपों में बांटा गया है। सुपर सिक्स में छह-छह टीम के दो ग्रुप होंगे
- 3 शीर्ष टीमें प्रत्येक ग्रुप की 25 से 29 जनवरी के बीच होने वाले सुपर सिक्स में खेलेंगी
- 31 जनवरी को खेले जाएंगे सेमीफाइनल जबकि दो फरवरी को खिताब मुकाबला
- 41 कुल मैच खेले जाएंगे 16 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में

## सैम पहले टेस्ट को तैयार, हेड का खेलना संदिग्ध

- सैम कोंस्टास का पहला टेस्ट मैच

**एजेंसी | मेलबर्न**



ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास बॉक्सिंग डे टेस्ट से अपना पहला टेस्ट मुकाबला खेलने के लिए तैयार हैं। चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान सैम को चौथे टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने की जानकारी दी। इस मैच में वह ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले 468वें खिलाड़ी बनेंगे।

### ट्रेविस हेड का खेलना संदिग्ध

तीसरे टेस्ट में चोटिल होने वाले ट्रेविस हेड के खेलने को लेकर अभी भी संदेह बरकरार है। हेड के बारे में कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने बताया कि उनके हाथ में बल्ला देखना अच्छा था, और उन्हें उम्मीद है कि वह मैच तक फिट हो जाएंगे। हेड ने मंगलवार को नेट पर अभ्यास करने के बजाय सहायक कोच ब्रैड हॉज के थ्रो डाउन पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया।

### सैम का टीम में शामिल होना

सैम को नाथन मैकस्वीनी की जगह टीम में लिया गया, जो पहले तीन टेस्ट मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि सैम को टीम में शामिल किया गया क्योंकि वह बहुत सहज और मौके का पूरा फायदा उठाता है।

## एम रघु और देविका सिहाग राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियन

**एजेंसी | बेंगलुरु**

कर्नाटक के एम रघु और हरियाणा की देविका सिहाग ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में पहली बार क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीत लिए। रघु ने करीबी फाइनल में पूर्व चैंपियन मिथुन मंजूनाथ के खिलाफ तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए एक घंटे से कुछ कम समय में 14-21, 21-14, 24-22 से जीत दर्ज की। देविका ने सत्र का शानदार अंत करते हुए फॉर्म में चल रहीं श्रियांशी वलिशेट्टी को लगातार गेम में 21-15, 21-16 से हराकर महिला एकल खिताब जीता।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टोक्स हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण तीन महीने के लिए बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण कम से कम तीन महीने के लिए क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा, स्टोक्स अगले महीने हैमस्ट्रिंग की सर्जरी कराएंगे। वह पिछले सप्ताह हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इंग्लैंड को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस 33 वर्षीय ऑलराउंडर को पाकिस्तान में फरवरी और मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को घोषित इंग्लैंड की टीम में नहीं चुना गया था। हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण स्टोक्स श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज और अक्तूबर में पाकिस्तान में पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे।

### नामांकन दाखिल करने में शायद मुझ से चूक हुई : मनु



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य विजेता मनु भाकर ने खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं की सूची से उन्हें बाहर रखे जाने के विवाद में मंगलवार को स्वीकार किया कि नामांकन दाखिल करते समय शायद उनकी ओर से कोई चूक हुई है। खेल मंत्रालय ने विवाद पर कहा था कि सूची को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इसके एक दिन बाद 22 वर्षीय स्टार पिस्टल निशानेबाज ने सोशल मीडिया पर अपनी स्थिति स्पष्ट की, मनु ने 'एक्स पर लिखा, मुझे लगता है कि नामांकन दाखिल करते समय शायद मेरी ओर से कोई चूक हुई है जिसे ठीक किया जा रहा है। पुरस्कार और मान्यता मुझे प्रेरित करते हैं, लेकिन ये मेरा लक्ष्य नहीं हैं। पुरस्कार मिलें या नहीं, मैं देश के लिए और अधिक पदक जीतने के लिए प्रेरित रहूंगी। सभी से अनुरोध है कि कृपया इस पर अटकलें न लगाएं।

### अली हातिम लकड़वाला बने यंग राइडर शो-जंपिंग चैंपियन



**नई दिल्ली।** चेन्नई के अली हातिम लकड़वाला ने मंगलवार को राष्ट्रीय जूनियर घुड़सवारी चैंपियनशिप में यंग राइडर शो-जंपिंग का खिताब जीत लिया। उन्होंने लियोनार्डो वान होली पर सवार होकर 33.31 सेकंड का शानदार समय निकालकर प्रतियोगिता में जीत हासिल की। लकड़वाला ने ई सूर्या आदित्य (37.22 सेकंड) को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। आर्मी पोलो एंड राइडिंग क्लब में आयोजित यंग राइडर (18-21 आयु वर्ग) टीम ड्रेसेज इवेंट में सिद्धांत जायसवाल, जयवीर वर्मा और गीतिका टिक्कीसेट्टी की टीम ने 178.22 के संयुक्त स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया। गीतिका टिक्कीसेट्टी ने व्यक्तिगत स्तर पर 40.93 सेकंड के समय के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस बीच, 12 से 14 आयु वर्ग की टीम ड्रेसेज इवेंट में इनारा मेहता लुथरिया, अनन्या सजीत हरिदास, सुभ चौधरी और प्रणव दीपक की चौकड़ी ने 226.18 अंकों के साथ खिताब जीता।

### पीकेएल मेलबर्न रेड में खेलेंगे प्रो कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी

पुणे। ऑस्ट्रेलिया के जॉन कैन एरिना में शनिवार को होने वाले पीकेएल मेलबर्न रेड के दो मुकाबलों में प्रो कबड्डी के अजय ठाकुर, परदीप नरवाल, अनूप कुमार, राकेश कुमार, मनिंदर सिंह, सचिन तंवर और अन्य दिग्गज खिलाड़ी खेलेंगे। इस ऐतिहासिक स्पर्धा में चार टीमें एक-दूसरे का सामना करेंगी। ऑल स्टार मावेरिक्स, ऑल स्टार मास्टर्स और ऑल स्टार्स ऐसी तीन टीमें होंगी, जिनमें पीकेएल के सर्वश्रेष्ठ भारतीय कबड्डी खिलाड़ी शामिल होंगे। साथ ही स्टार खिलाड़ियों से सजी ऑस्ट्रेलियाई टीम आसिस रेडर्स भी इस अनोखी प्रतियोगिता में वर्चस्व के लिए संघर्ष करेगी। पहला मैच मावेरिक्स और ऑल स्टार मास्टर्स के बीच शाम 7.30 बजे से होगा। दूसरा ऑल स्टार्स और आसिस रेडर्स के बीच 8.30 बजे से होगा।

## पंचतत्व में विलीन हुए निर्देशक श्याम बेनेगल



भारतीय सिनेमा के मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक श्याम बेनेगल अब हमारे बीच नहीं रहीं। उन्होंने बीते दिन 90 साल की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। 24 दिसंबर को दादर के शिवाजी पार्क श्मशान घाट में दोपहर करीब 3 बजे बेनेगल का अंतिम संस्कार किया गया। मुंबई में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। नंदिता दास, बोमन ईरानी और रोनी स्क्रूवाला समेत कई सितारे बेनेगल के अंतिम दर्शन करने पहुंचे।

### श्याम बेनेगल के अंतिम संस्कार में आए सितारे

दिव्या दत्ता से लेकर रजित कपूर, अशोक पंडित, इला अरुण और उनकी बेटी इशिता अरुण तक, फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे बेनेगल के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इसके अलावा अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी अपनी पत्नी और अभिनेत्री रत्ना पाठक के साथ श्याम बेनेगर को अंतिम विदाई देने पहुंचे हैं। इस दौरान उनके बेटे विवान शाह भी नजर आए। बता दें कि पिछले लंबे समय से बेनेगल किडनी से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे थे।

## जूही चावला नहीं थीं 'डर' के लिए पहली पसंद



यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म 'डर' को 24 दिसंबर, 1993 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म ने भारत में 10.91 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं दुनियाभर में यह 21.28 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इस फिल्म में शाहरुख खान, सनी देओल और जूही चावला जैसे सितारों ने अभिनय किया था, लेकिन क्या आप जानते हैं जूही फिल्म के लिए निर्माताओं की पहली पसंद नहीं थीं? एक रिपोर्ट के मुताबिक, जूही फिल्म 'डर' के लिए निर्माताओं की पहली पसंद नहीं थी। जूही से पहले यश ने ऐश्वर्या राय, श्रीदेवी, माधुरी दीक्षित जैसी अभिनेत्रियों से 'किरण अवस्थी' का किरदार निभाने के लिए संपर्क किया था, लेकिन तीनों सितारों ने अपने व्यस्त शेड्यूल के चलते इस फिल्म को करने से साफ इनकार कर दिया। उधर, 'राहुल मेहरा' का किरदार भी शाहरुख से पहले आमिर खान, राहुल रॉय, संजय दत्त और अजय देवगन को ऑफर हुआ था। 'डर' में जूही की जोड़ी सनी देओल के साथ बनी थी। हालांकि, कहा जाता है कि अभिनेता भी इस फिल्म के लिए निर्माताओं की पहली पसंद नहीं थे। सनी से पहले निर्माताओं ने 'सुनील मल्होत्रा' की भूमिका निभाने के लिए ऋषि कपूर, मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ और नितीश भारद्वाज जैसे सितारों से संपर्क किया था। बता दें कि फिल्म 'डर' को आप OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यश चोपड़ा इस फिल्म के निर्माता थे।

## अल्लू अर्जुन के बाउंसर को हैदराबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार



हैदराबाद के संध्या थिएटर में 4 दिसंबर को फिल्म 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन से पूछताछ खत्म हो चुकी है। अब इस मामले में हैदराबाद पुलिस ने अल्लू के बाउंसर एंथनी को गिरफ्तार किया है। वह 'पुष्पा 2' के प्रीमियर इवेंट के लिए बाउंसरों की टीम का आयोजन कर रहे थे। एंथनी पर आरोप है कि उन्होंने कार्यक्रम खत्म होने के बाद प्रशंसकों को थिएटर से बाहर धकेल दिया, जिससे भगदड़ बढ़ गई।

### सामने आए वीडियो

पुलिस को संदेह है कि एंथनी द्वारा प्रशंसकों को धक्का देने की वजह से महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बच्चा घायल हो गया। अब थिएटर से चौंकाने वाले कई CCTV फुटेज सामने आए हैं, जिसमें अल्लू की एक झलक पाने के लिए सैकड़ों प्रशंसकों को थिएटर के अंदर घुसते हुए देखे जा सकता है, वहीं एक अन्य वीडियो में अल्लू के बाउंसर एंथनी भीड़ को धक्का देते हुए नजर आ रहे हैं।

### गिरफ्तार हो चुके हैं अल्लू

4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मचने से एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने अल्लू, थिएटर और सिक्योरिटी एजेंसी पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था। 13 दिसंबर को तेलंगाना पुलिस ने अल्लू को गिरफ्तार किया था। उन्हें एक रात जेल में काटनी पड़ी।

न्यूज़ ब्रीफ

## अनचाही कॉल पर दिशानिर्देश होंगे जारी

**नई दिल्ली।** अनचाहे वाणिज्यिक संचार या अनचाही कॉल से निपटने के लिए उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय अगले महीने दिशानिर्देश जारी करेगा। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि विभाग ने हितधारकों के परामर्श के बाद दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार किया है जिन्हें भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आगामी नियमों के साथ सुसंगत बनाया जाएगा। खरे ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, हम अनचाही फोन कॉल पर दिशानिर्देशों के मसौदे के साथ तैयार हैं। हम इसे ट्राई के मानदंडों के साथ सुसंगत बनाएंगे और अगले महीने जारी करेंगे। समारोह में मौजूद ट्राई चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि उपभोक्ता मंत्रालय व्यावसायिक इकाइयों की भूमिका, जिम्मेदारियों और आचरण से संबंधित दिशानिर्देशों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जबकि दूरसंचार नियामक बढ़ती उपभोक्ता शिकायतों के जवाब में अलग से सख्त मानदंड जारी करेगा।

## आंबेडकर की मूर्ति तोड़ने के आरोप में दो गिरफ्तार, तीन संदिग्ध फरार

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को खोकड़ा इलाके में डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति को तोड़ने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना के बाद दलित समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और मंगलवार को इलाके की दुकानों को बंद करने के लिए मजबूर किया। क्राइम ब्रांच ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच करने और अपने सूत्रों से जानकारी प्राप्त करने के बाद पांच संदिग्धों में से मेहुल ठाकोर और भोला ठाकोर नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बताया कि मेहुल ठाकोर, जो एक हिस्ट्रीशीटर है और 2020 में शराबबंदी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था, ने मूर्ति को तोड़ने की बात स्वीकार की है।

## दिल्ली-NCR से GRAP-4 की पाबंदियां हटीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली-NCR में एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) में सुधार के बाद मंगलवार को यहां लागू लागू GRAP-4 की पाबंदियां हटा दी गईं। केंद्र सरकार के कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने ये फैसला लिया। मंगलवार को दिल्ली के AQI में गिरावट देखी गई। 24 घंटे का एवरेज (AQI) शाम 4 बजे 369 रहा, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है, लेकिन ये सुप्रीम कोर्ट के तय GRAP-4 को लागू करने की सीमा से 32 कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय ट्रॉपिकल मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक दिल्ली-NCR की एयर क्वालिटी में और सुधार होने की उम्मीद है। हालांकि दिल्ली-NCR में GRAP- 1, 2, और 3 की पाबंदियां लागू रहेंगी।

## तुर्की के विस्फोटक प्लांट में धमाका, 12 लोगों की गई जान

**तुर्की।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी इलाके में मंगलवार को एक विस्फोटक फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ है। इस धमाके में करीब 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरिकिया ने जांच का आदेश दिया है। घटनास्थल पर पुलिस की टीम मौजूद है।

# बिहार के राज्यपाल होंगे आरिफ मोहम्मद खान

**वीके सिंह बने मिजोरम के गवर्नर, अजय भल्ला बने मणिपुर के नए राज्यपाल**



### अजय कुमार भल्ला

- जन्म- 26 नवंबर, 1960
- पूर्व गृह सचिव
- केंद्र सरकार ने गृह सचिव पद पर चार बार सेवा विस्तार दिया
- मेघालय काडर के 1984 बैच के रिटायर्ड IAS ऑफिसर
- दिल्ली विश्वविद्यालय से बॉटनी में MSc
- क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया से MBA



### जनरल (रिटायर्ड) वीके सिंह

- पूर्व थल सेनाध्यक्ष
- पूर्व केंद्रीय मंत्री
- 1970 में राजपूत रजिमेंट की दूसरी बटालियन में कमीशन हुए
- करीब 42 साल सेना में रहे
- परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित
- 1971 बांग्लादेश मुक्ति युद्ध में भाग लिया
- 1987 में शांति सेना के हिस्से के रूप में श्रीलंका में LTTE के खिलाफ लड़े



### आरिफ मोहम्मद खान

- पूर्व केंद्रीय मंत्री
- 2019 से अब-तक केरल के राज्यपाल रहे
- शाहबानो केस में राजीव गांधी सरकार के रुख से नाराज होकर मंत्री पद से इस्तीफा दिया था
- मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड खत्म करने के हिमायती
- 2010 की बेस्टसेलर बुक टेक्स्ट एंड कॉन्टेक्स्ट: कुरान एंड कंटेम्पररी चैलेंजेस के लेखक

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार शाम को 3 राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्ति किए, जबकि दो राज्यों में राज्यपालों की अदला-बदली की। पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। पूर्व सेना प्रमुख वी के सिंह को मिजोरम का गवर्नर बनाया गया है। डॉ. हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है। राज्य के मौजूदा राज्यपाल रघुवर दास ने पद से इस्तीफा दिया था, जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार किया। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं, आरिफ मोहम्मद खान बिहार का राज्यपाल बनाए गए हैं। वे पहले केरल के गवर्नर थे।

### कौन हैं मिजोरम के नए राज्यपाल वी के सिंह?

जनरल विजय कुमार सिंह भारतीय सेना के एक प्रमुख सैन्य अधिकारी और भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं। वे भारतीय सेना के पूर्व अध्यक्ष थे और भारतीय सेना के सबसे उच्च पद पर 2012 से 2014 तक कार्यरत रहे। उन्हें सेना में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित किया गया, और वे भारतीय सेना के सबसे प्रभावशाली और सम्मानित अधिकारियों में से एक माने जाते हैं। जनरल सिंह ने सेवानिवृत्ति के बाद भारतीय जनता पार्टी (BJP) से जुड़कर राजनीति में कदम रखा। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के गाज़ीपुर से सांसद के रूप में जीत हासिल की।

### कौन हैं बिहार के नए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान?

आरिफ मोहम्मद खान का जन्म 18 नवंबर 1951 को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में हुआ था। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बी.ए. (ऑनर्स) (1972-73) और लखनऊ विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश से एलएलबी (1977) की डिग्री प्राप्त की। बता दें कि आरिफ मोहम्मद खान ने अपना राजनीतिक जीवन एक छात्र नेता के रूप में शुरू किया और 1972-73 के दौरान महासचिव और 1973-74 के दौरान अध्यक्ष के रूप में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय छात्र संघ का नेतृत्व किया। वह 1977 में 26 साल की उम्र में सियाना निर्वाचन क्षेत्र, बुलंदशहर से उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य बने।

# चुनाव नियमों में बदलाव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**▸▸ कांग्रेस ने याचिका लगाई, केंद्र ने पोलिंग बूथ के फुटेज सार्वजनिक करने से इनकार किया था**

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने मंगलवार को चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स पब्लिक करने से रोकने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के CCTV, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था। याचिका पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- चुनाव आयोग को ऐसे महत्वपूर्ण कानून (चुनाव संचालन नियम, 1961) में एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नियमों में बदलाव के बाद 21 दिसंबर को रमेश ने कहा था- चुनाव आयोग पारदर्शिता से इतना डरता क्यों है। आयोग के इस कदम को जल्द ही कानूनी चुनौती दी जाएगी। चुनाव आयोग (EC) की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने 20 दिसंबर को द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम 93(2)(A) में बदलाव किया है। नियम 93 कहता है- ₹चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे।₹ इसे बदलकर 'चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज 'नियमानुसार' पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे' कर दिया गया है।



### संशोधन की अनुमति नहीं दी जा सकती

▸▸ जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक निकाय है। इस पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का दायित्व है। मगर एकतरफा और बिना सार्वजनिक परामर्श के कानून में इस तरह बेशर्मी से संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि संशोधन आवश्यक जानकारी तक जनता की पहुंच को समाप्त करता है, जो चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाता है।



▸▸ भारत निर्वाचन आयोग की सिफारिश के आधार पर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने शुक्रवार को चुनाव नियम-1961 के नियम 93(2)(ए) में संशोधन किया है। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी गई है। हालांकि प्रत्याशियों के लिए यह दस्तावेज निरीक्षण के उपलब्ध होंगे।

# पीलीभीत एनकाउंटर का बदला महाकुंभ में लेंगे, आतंकी पन्नू की धमकी

एजेंसी | नई दिल्ली

पीलीभीत में खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के तीन आतंकियों के एनकाउंटर से भड़के सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने महाकुंभ में इसका बदला लेने की गीदड़ भभकी दी है। एसएफजे के जनरल काउंसिल गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर प्रधानमंत्री और यूपी और पंजाब के मुख्यमंत्री को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए सबक सिखाने की धमकी दी है। वीडियो का संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, मंगलवार को तीनों आतंकियों के शवों का पोस्टमार्टम भी कराया गया। मामले की तह तक पहुंचने के लिए एनआईए और एटीएस ने पीलीभीत में डेरा डाल दिया है। पीलीभीत पुलिस और पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में संयुक्त कार्रवाई करते हुए पंजाब के तीन खालिस्तानी आतंकियों गुरविंदर, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि और जसनप्रीत उर्फ प्रताप सिंह को ढेर कर दिया था।



### सबक सिखाने की भी धमकी

एनकाउंटर के 24 घंटे बाद मंगलवार सुबह 11 बजे सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी भरा एक वीडियो शेयर किया। इसमें मुठभेड़ में मारे गए तीनों खालिस्तानी आतंकियों को निर्दोष बताते हुए प्रयागराज महाकुंभ में इसका बदला लेने की धमकी दी गई है। पन्नू ने तीनों आतंकियों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की मदद देने की बात भी कही है। आतंकी पन्नू ने 14 व 29 जनवरी और तीन फरवरी को महाकुंभ में बदला लेने की बात कहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के प्रति अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए सबक सिखाने की भी धमकी दी है। पीलीभीत पुलिस की सोशल मीडिया सेल की ओर से इस मामले में साइबर थाने में आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पटरी से उतरी सौराष्ट्र एक्सप्रेस, कोई हताहत नहीं

एजेंसी | सूरत

गुजरात में सूरत के पास एक बड़ा ट्रेन हादसा होने से टल गया है। जानकारी के मुताबिक, दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस मंगलवार दोपहर गुजरात के सूरत से 27 किलोमीटर दूर किम स्टेशन पर पटरी से उतर गई। पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि दोपहर 3.32 बजे इंजन के बगल में गैर-यात्री कोच के चार पहिए पटरी से उतर गए, जब ट्रेन (संख्या 19015) पोरबंदर जाने के लिए स्टेशन से निकल रही थी।

**घटना में कोई भी हताहत नहीं- पीआरओ, पश्चिमी रेलवे**

पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, इस घटना में किसी यात्री या रेलवे कर्मचारी को कोई चोट या नुकसान नहीं पहुंचा है। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त लूप लाइन उपलब्ध होने के कारण मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित नहीं हुई है।

SSC भर्ती घोटाला

# पार्थ चटर्जी को हाईकोर्ट से झटका

एजेंसी | कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य स्कूल सेवा आयोग (SSC) भर्ती घोटाले के मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य चार आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इनमें SSC के पूर्व अध्यक्ष सुबीर भट्टाचार्य, राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली, SSC सलाहकार समिति के पूर्व अध्यक्ष एसपी साहा, और SSC के पूर्व सचिव अशोक साहा शामिल हैं।

**सीबीआई का विरोध: जांच प्रभावित होने का खतरा**

सीबीआई ने जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए दावा किया कि घोटाले में इन सभी के खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन भर्तियों में अनियमितताओं की समग्र जांच अभी भी जारी है। सीबीआई ने यह भी चेतावनी दी कि अगर इन आरोपियों को जमानत दी जाती है, तो वे अपनी शक्तियों का इस्तेमाल कर जांच को प्रभावित कर सकते हैं।

### चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी की गिरफ्तारी

पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को बंगाल सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितताओं के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही अर्पिता मुखर्जी, जो चटर्जी की करीबी सहयोगी हैं, को ईडी ने अवैध भर्तियों में धन के लेन-देन की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने अर्पिता के फ्लैट्स से करोड़ों रुपये नकद, आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए थे।

# वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर संयुक्त संसदीय समिति लेगी राज्यों से सुझाव, 26-27 दिसंबर को होगी अहम बैठक

एजेंसी | नई दिल्ली

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति अब राज्य के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य रिकॉर्ड करने के लिए बैठक करेगी। यह बैठक 26 और 27 दिसंबर को होगी। मिली जानकारी के अनुसार, समिति 26 दिसंबर को कर्नाटक, मध्यप्रदेश और राजस्थान के राज्य प्रतिनिधियों के सुझाव लेगी। जबकि 27 दिसंबर को उत्तर प्रदेश, ओडिशा और दिल्ली के प्रतिनिधियों से बात करेगी। गुरुवार को जेपीसी ने अपनी बैठक में लखनऊ और राजस्थान के मुस्लिम प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

बैठक के बाद संसदीय संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने बताया, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व कुलपति और राजस्थान वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अपने प्रस्तावित संशोधनों के साथ आए थे। इस पर खंड-दर-खंड चर्चा हुई। सांसदों ने उनसे सवाल भी पूछे।



समिति में राजस्थान वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री सैयद अबूबकर नकवी और ख्वाजा चिश्ती मोइनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रो. माहरुख मिर्जा शामिल थे। इससे पहले बुधवार को जेपीसी ने ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक की। समिति ने विधेयक पर बोर्ड के विचार सुने। हाल ही में लोकसभा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी और 2025 के बजट सत्र के अंत तक अपनी रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया।

# 'सब्जी काटने वाले चाकू से बाइपास सर्जरी नहीं होती'

**▸▸ कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव पर जगदीप धनखड़ का तंज**



एजेंसी | नई दिल्ली

नई दिल्ली। अपने खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को प्रतिक्रिया दी। महिला पत्रकारों की सभा को संबोधित करते हुए जगदीप धनखड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के एक बयान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ नोटिस को देखिए। आप चौंक जाएंगे।

### जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाए मीडिया

धनखड़ ने आगे कहा कि एक बार चंद्रशेखर ने कहा था कि सब्जी काटने वाले चाकू से बाइपास सर्जरी कभी मत करो। अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह तो सब्जी काटने का चाकू भी नहीं था। मेरा नोटिस जिसने लिखा, उसके चाकू पर जंग लगा हुआ था। जल्दबाजी थी। मैं पढ़कर दंग रह गया। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यह जानकार आश्चर्य है कि आप में से किसी ने भी इसे नहीं पढ़ा है। अगर आप पढ़ते तो आपको कई दिनों तक नींद नहीं आती। जगदीप धनखड़ ने संसद में कामकाज के मूल्यवान घंटों के नुकसान पर भी दुख व्यक्त किया। उन्होंने मीडिया से जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाने और लोकतंत्र में जवाबदेही तय करने की अपील की। महिला पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया लोगों के साथ जुड़ सकता है और जनप्रतिनिधियों पर दबाव बना सकता है। हमें लोकतंत्र के इन मंदिरों की पवित्रता का सम्मान करने की जरूरत है।

भारत अंतरिक्ष स्टेशन | 2040 तक भारतीय को चांद पर उतारा जाएगा

# चांद पर अब इंसान भेजने की भी हो गई तैयारी, इसरो ने दी जानकारी

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद के चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ ने ऐलान किया है कि भारत 2040 में चांद पर इंसान भेजने की तैयारी में है। उन्होंने बताया कि भारत इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू करने वाला है, और इसी साल चांद पर भारतीय तिरंगा लहराने की योजना बनाई जा रही है।

चांद पर इंसान भेजने की योजना डॉ. सोमनाथ ने बताया कि यह अभियान 2040 में पूरा होगा, जब भारत की स्वतंत्रता की 100वीं सालगिरह मनाई जाएगी। उन्होंने कहा, ₹हमारा लक्ष्य है कि चांद पर एक भारतीय यात्री पहुंचे और वहां तिरंगा लहराकर वापस आए।₹ यह मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी, और इसका उद्देश्य भारत की अंतरिक्ष शक्ति को दुनिया के सामने प्रदर्शित करना है।




### क्या है मिशन गगनयान

गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार एस्ट्रोनॉट्स अंतरिक्ष में जाएंगे। यह 3 दिन का मिशन होगा, जिसके तहत एस्ट्रोनॉट्स के दल को 400 KM ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजा जाएगा। इसके बाद क्रू मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से समुद्र में लैंड कराया जाएगा। अगर भारत अपने मिशन में कामयाब रहा तो वो ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, चीन और रूस ऐसा कर चुके हैं।

### भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और अन्य योजनाएं

इसरो ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य भी 2035 रखा है। इसके तहत 2028 में स्पेस स्टेशन मॉड्यूल की लॉन्चिंग की जाएगी, और अगले सात सालों में इस परियोजना को पूरा किया जाएगा।

### अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए लंबी अवधि की योजना

डॉ. सोमनाथ ने कहा कि इसरो ने अगले 15 वर्षों का रोडमैप तैयार कर लिया है, और इसके तहत भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इसरो की योजनाओं में अगले 25 सालों के लिए विस्तार किया गया है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत इसरो के मिशनों का भविष्य तय किया जाएगा।




### आर्थिक समर्थन और मिशन की गति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इसरो के लिए 31 हजार करोड़ रुपये का फंड जारी किया है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को गति मिलेगी। डॉ. सोमनाथ ने विश्वास जताया कि अगले कुछ साल भारत के लिए शानदार होंगे, और इसरो अपने अंतरिक्ष मिशनों पर तेजी से काम करेगा।

# उल्फा पर सख्ती बढ़ी, गैरकानूनी संगठन घोषित करने के लिए ट्रिब्यूनल गठित




एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र लगातार असम के अलगाववादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (ULFA) पर सख्ती बरत रहा है। अब गृह मंत्रालय (एमएचए) ने उल्फा और इसके सभी गुटों, शाखाओं और फ्रंट संगठनों को गैरकानूनी संगठन घोषित करने के लिए एक 'गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) ट्रिब्यूनल' का गठन किया है। यह ट्रिब्यूनल गौहाटी उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति माइकल जोथानखुमा की अध्यक्षता में कार्य करेगा। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक गजट अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। यह कदम गृह मंत्रालय ने 1967 के 'गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम' के तहत उठाया है। गौरतलब है, करीब एक महीने पहले ही केंद्र ने उल्फा पर लगे प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ाने का एलान किया था। उल्फा पर आरोप है कि वह असम को भारत से अलग करने के लिए सक्रिय है और अन्य उग्रवादी समूहों के साथ मिलकर धन उगाही और हिंसा में शामिल है।